दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। गुरुवार 18 जुलाई - 2024 ● वर्ष : 8 अंक : 279 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## यूपी बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद से बीजेपी में लगातार हलचल मची हुई है। इसकी वजह है पार्टी का उत्तर प्रदेश में खराब प्रदर्शन। इसको लेकर पार्टी आलाकमान लगातार मंथन कर रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद बुधवार को यूपी बीजेपी



अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी प्रधानमंत्री मोदी से मिले। उन्होंने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पार्टी के खराब प्रदर्शन के कारणों की जानकारी दी।

यूपी बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कार्यकताओं की नाराजगी और प्रशासन को चुनाव में खराब प्रदर्शन की बड़ी वजह बताया है। उन्होंने ये भी बताया कि बीजेपी मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए। प्रशासन के रवैये से कार्यकताओं में भारी नाराजगी रही। इसके चलते वो निष्क्रिय रहे। चौधरी ने बताया कि कई जगहों के अधिकारियों ने विपक्ष की मदद की, इससे जुड़े मामले समीक्षा रिपोर्ट में सामने आए हैं। पिछले कई सालों से सरकारी नौकरी में भर्ती न होने के कारण भी पार्टी को नुकसान हुआ है। पीएम मोदी के सामने भूपेंद्र चौधरी ने यूपी में खराब प्रदर्शन की नैतिक जिम्मेदारी भी ली। उत्तर प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। उन्हें प्रदेश में पार्टी के खराब प्रदर्शन पर फीडबैक भी दिया था। बताया जा रहा है कि यूपी से जुड़े अन्य प्रमुख नेताओं से भी अलग-अलग मुलाकात के जरिए पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व फीडबैक लेगा। इसी कड़ी में बुधवार को भूपेंद्र चौधरी दिल्ली पहुंचे हैं।

केशव मौर्य और भूपेंद्र चौधरी के दिल्ली पहुंचने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। प्रदेश सरकार और संगठन के बीच जबरदस्त तनातनी चल रही है। मौर्य ने कार्यसमिति की बैठक में संगठन को सरकार से बड़ा बताया था। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में चुनावी हार के लिए अति आत्मविश्वास को जिम्मेदार ठहराया था।

लोकसभा चुनाव में मिले झटके के बाद अब बीजेपी को उपचुनाव से गुजरना है। सूबे में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। कहा जा रहा है कि लखनऊ से दिल्ली पहुंचे नेताओं की पार्टी आलाकमान के साथ इस पर भी चर्चा हुई है। कैसे सभी सीटों पर बेहतर प्रदर्शन किया जाए, इसकी रणनीति बनाई गई है।

## बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर होगा नगर निगम के सदन में हंगामा
## कुछ पार्षदों ने दिया महानगर अध्यक्ष को इस्तीफे का अल्टीमेटम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक 19 जुलाई को होनी है और अलगे दिन यानी 20 जुलाई को निगम की बोर्ड बैठक होगी। इस बैठक में दो प्रमुख बिन्दु ज्वलंत माने जा रहे है जिनमें नगर निगम की दुकानों के किराये का मामला और निगम द्वारा बढ़ाये गये हाऊस टैक्स का मामला है। सूत्र बताते हैं कि हाऊस टैक्स को लेकर निगम के सदन में अधिकारी और पार्षद आमने सामने आयेंगे। हाऊस टैक्स वृद्धि को लेकर अधिकारी पूरे वर्क के साथ आयेगें और पार्षद यहां अपने अपने तर्क के साथ आयेंगे। खास बात ये है कि उत्तर प्रदेश में सरकार भाजपा की और नगर निगम में 100 पार्षदों वाले सदन में 75 पार्षद भाजपा के हैं और मोर्चा भी भाजपा के पार्षद खोलेंगे।

सूत्र बताते हैं कि पार्षद इस मामले में बिल्कुल भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। बताया जाता है कि चार भाजपा पार्षदों ने मिलकर, फोन पर महानगर अध्यक्ष से साफ कह दिया है कि वो हाऊस टैक्स के मुद्दे पर अपना इस्तीफा दे देंगे। जरूरत पड़ी तो धरना देंगे। लेकिन इस मामले पर चुप नहीं बैठेंगे।

### भाजपा पार्षदों का मानना उपचुनाव में हो जायेगा नुकसान



करंट क्राइम। हाऊस टैक्स को लेकर अधिकारी अपना तर्क दे रहे हैं और पार्षद इसकी वृद्धि के विरोध में हैं। मेयर भी चाहती हैं कि बढ़ी हुई दरों पर हाऊस टैक्स ना लागू हो और भाजपा की एक लॉबी इस फैसले के खिलाफ आ रही है। उनका कहना है कि अक्टूबर नवंबर महीने में चुनाव होगा और अधिकारियों के इस फैसले से भाजपा को एक विधानसभा सीट का नुकसान होगा। उनका कहना है कि इस फैसले से जनता नाराज होगी और नाराजगी भाजपा के खिलाफ जायेगी।

### आज बुला सकते हैं महानगर अध्यक्ष एक बैठक

करंट क्राइम। भाजपा के चार पाषर्दों ने हाऊस टैक्स वाले मुद्दे पर ये स्पष्ट कर दिया कि वो विरोध करेंगे। अगर हाऊस टैक्स लागू हुआ तो वो अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे देंगे। हंगामे की तैयारी चल रही है और सूत्र बताते हैं कि आज महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा भाजपा पार्षदों की एक बैठक बुला सकते हैं। इस बैठक में रणनीति तय होगी। पार्षदों के विचार जाने जायेंगे और यहां ये भी तय होगा कि किस तरीके से अपनी बात को रखना है। महानगर अध्यक्ष का मानना है कि कोई ऐसा काम नहीं होना चाहिए कि सरकार के खिलाफ संदेश जाये। वो पार्षदों की बात भी सुनेंगे और समय रहते इस डैमेज को कंट्रोल भी करने का प्रयास करेंगे।

### तीन अलग-अलग बैठकों में पार्षदों को समझाये फायदे-नुकसान

करंट क्राइम। निगम की बैठक से पहले ही अधिकारी भी अपने प्लान पर काम कर रहे हैं। भाजपा के पार्षद अगर चुनावी नुकसान की बात कर रहे हैं तो अधिकारी कर वृद्धि के फायदे गिना रहे हैं। 75 पार्षद अपनी बात एक अधिकारी को नहीं समझा पा रहे लेकिन अधिकारी ने अपनी बात समझाने के लिए पूरा प्लान बनाया। सूत्र बताते हैं कि आरडीसी वाले एक घर में पार्षदों को बुलाया गया। अधिकारी के आवास पर तीन बैठक हुईं। पहली बैठक दोपहर 12 बजे हुई। दूसरी बैठक 1 बजे और तीसरी बैठक 4 बजे हुई। इन अलग-अलग बैठकों में पार्षदों को घर बुलाकर समझाया गया। उन्हें बताया गया कि इसके क्या लाभ है। किसी को बताया गया कि आपके वार्ड में लागू नहीं होगा और सबसे बड़ी बात ये है कि समर्थन के एवज में विकास का पैकेज ऑफर किया गया है। पार्षदों से कहा गया है कि आपके वार्ड में ये ये काम हो जायेगें। बहरहाल समझाने की कोशिश पूरी की गई है। पार्षद कितना समझेंगे ये देखने की बात है।

## 'आम' नहीं बहुत ही खास रही केसी त्यागी के सम्मान में रखी गई मैंगो पार्टी

### दिखाई दिये सभी दल वालों से केसी त्यागी के दिल वाले रिश्ते

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केसी त्यागी भारतीय सियासत का एक ऐसा नाम हैं जो एक बार नहीं बल्कि कई बार किंग मेकर वाले सीन में दिखाईदिये हैं। राष्ट्रीय राजनीति के चिंतक, विचारक नेताओं में गिनती होती है और गाजियाबाद से उनका विशेष नाता है। उनका पैतृक स्थान है और वो सियासत में कहीं भी रहें लेकिन अपनी जड़ों से जुड़कर रहते हैं।





बुधवार को एक मैंगो पार्टी उनके सम्मान में रखी गई और ये आम वाली पार्टी खास इसलिए हो गई क्यों कि इसमें चीफ गेस्ट के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में आये। ये आयोजन तीन घंटे से भी ज्यादा चला और खास इसलिए था क्योंकि यहां केसी त्यागी का सभी दल वालों से दिल का रिश्ता दिखाई दे रहा था। भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पहुंचे तो बागपत से रालोद लोकसभा सांसद डॉ राजकुमार सांगवान आये। कांग्रेस के बिजेन्द्र यादव पहुंचे। तो यहां पर समाजवादी पार्टी के नेता मौजूद रहे।

कुल मिलाकर ये रहा कि केसी त्यागी के घर के सामने वाले पार्क में सभी दलों के नेता उनके सम्मान में आयोजित मैंगो पार्टी में थे। पूरा शहर इस बात की गवाही था कि केसी त्यागी के रिश्ते दिलों के हैं और वो गाजियाबाद की राजनीति में भी एक बड़ा स्थान रखते हैं और केसी त्यागी भी यहां अपने मिलनसार व्यवहार से छाये हुए थे। भाजपा के पार्षद हों, रालोद के नेता हों, समाजवादी पार्टी के लीडर हों, केसी त्यागी सभी से अपने मिलनसार अंदाज से मिल रहे थे। हर आने वाले का स्वागत कर रहे थे और अपनी शैली में संवाद कायम कर रहे थे।

### अम्बरीश त्यागी का अंदाज भी रहा सबसे अलग



करंट क्राइम। केसी त्यागी के सुपुत्र अमरीश त्यागी शिक्षाविद हैं। अंतराष्ट्रीय चुनावी विश्लेषक हैं और वो भी गाजियाबाद से एक अलग स्नेह रखते हैं। बुधवार को जब उनके पिता के सम्मान में आम पार्टी रखी गयी तो यहां अम्बरीश त्यागी हर आने वाले का स्वागत करने के लिए मौजूद थे। सबको लग रहा था कि ऐसी पार्टी हर साल होनी चाहिए। गाजियाबाद के साथ संवाद कायम हो रहा था। शदर त्यागी इस मैंगो पार्टी के संयोजक थे और निवेदक नितिन त्यागी, गौरव त्यागी, अभिषेक त्यागी, बिट्टू त्यागी मोरटा थे। और यहां पर आवाभगत की कमान स्वयं अम्बरीश त्यागी ने संभाली। आम की मिठास के साथ ठंडाई की अदावत थी और इन सबके साथ स्नेह आत्मीय संबंधों की मिठास रिश्तों में थी।

### जब चौंतीस साल बाद मिले दो दोस्त और पहचान लिया एक ही नजर में



करंट क्राइम। समय का चक्र तेजी से घूमता है और समय के साथ कोई कहीं पहुंचता है तो कहीं पहुंचता है। मैंगो पार्टी में तीस साल बाद जब दो दोस्त आमने सामने हुए तो एक ही झलक में दोनों ने एक दूसरे को पहचाना। दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता और बागपत से लोकसभा सांसद डॉ राजकुमार सांगवान नब्बे के दशक से दोस्त हैं। राजकुमार सांगवान उस समय छात्र नेता थे उनकी सादगी की चर्चा होती है। जब उनका बागपत से टिकट हुआ तो सभी ने जयंत चौधरी के इस फैसले को सराहा। जब मैंगो पार्टी में सम्पादक मनोज गुप्ता और सांसद राजकुमार सांगवान आये तो यहां एक ही नजर में डॉ राजकुमार सांगवान ने मनोज गुप्ता को पहचान लिया और देखते ही कहा कि मनोज जी कैसे हो। चौंतिस साल के लंबे अंतराल के बाद एक दोस्त लोकसभा सांसद है और दूसरा दोस्त अखबार का संपादक है। बहुत कुछ बदला लेकिन दोस्ती का अंदाज नहीं बदला। 1990 से शुरू हुई मुलाकात दोनों को याद रही और ये भी खूब रहा कि चौंतिस साल पुराने दोस्तों की मुलाकात हुई।

## बन रही है निगम कार्यकारिणी में चुनाव होने की पूरी संभावनाएं
## आ गया पांचवां चेहरा मैदान में तो फिर होगा चुनाव

नगर निगम में कार्यकारिणी चुनाव होना है और इस बार कार्यकारिणी चुनाव को लेकर एक रण भाजपा के भीतर चल रहा है। भाजपा के पास 75 पार्षद है और 75 में से 70 पार्षद निगम कार्यकारिणी में जाना चाहते हैं। मेयर ने बॉल संगठन के पाले में डाल दी है और अब संगठन के दरवाजे पर उन पार्षदों का मेला है जो निगम कार्यकारिणी में जाना चाहते हैं। पहले ये माना जा रहा था कि चुनावी कैलकुलेशन के हिसाब से कार्यकारिणी का इलैक्शन नहीं होगा। लेकिन अब नगर निगम कार्यकारिणी में चुनाव की संभावनांए बन रही है। पांचवे चेहरे को मैदान में उतारे जाने की चर्चा है। अगर ये पांचवा चेहरा आ गया तो फिर चुनाव होगा। गौरतलब है कि नगर निगम कार्यकारिणी से एक साल बाद पर्ची सिस्टम से 6 सदस्य बाहर हुए हैं। इन सदस्यों में चार भाजपा के और दो निर्दलीय थे। भाजपा का प्रयास ये था कि दो चेहरे विपक्ष और 4 सदस्य भाजपा के आपसी सहमति से आ जायेंगे। लेकिन भाजपा संगठन से लेकर निगम की मुखिया को भी ये अंदाजा नहीं था कि भाजपा के ही इतने पार्षद नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य बनने का अरमान लेकर आ जायेंगे। लेकिन पार्षदों की आपा-धापी बता रही है कि कार्यकारिणी उनके लिए एक अहम लक्ष्य बन गया है और वो किसी भी तरह कार्यकारिणी चुनाव में जाना चाहते हैं। चुनाव मे उतरना चाहते हैं और अगर यही कवायद रही तो कार्यकारिणी का चुनाव होगा।




### मेयर ने डाल दी विधायकों के पाले में बॉल

करंट क्राइम। मेयर सुनीता दयाल नगर निगम की मुखिया हैं। प्रदेश में सरकार भाजपा की है। ऐसे में ये माना जाता है कि आम सहमति के आधार पर मेयर के निर्देश पर कार्यकारिणी सदस्य फाईनल हो जाते हैं। लेकिन यहां समस्या यही है कि भाजपा के अधिकांश पार्षद निगम कार्यकारिणी सदस्य बनना चाहते हैं। मेयर मुखिया होने के नाते किसी भी पार्षद की बुराई लेने को तैयार नहीं है। लिहाजा उन्होंने बॉल विधायकों के पाले में डाल दी है। उन्होंने कार्यकारिणी सदस्य बनने की इच्छा रखने वाले पार्षदों से कह दिया है कि वो अपनी बात विधायकों से कहें और उनकी सहमति लेकर आ जायें।



### क्या कहती है भाजपा की लॉबी, राजीव शर्मा की एन्ट्री को लेकर



करंट क्राइम। जिस पांचवे चेहरे की बात चल रही है उस चेहरे के तौर पर पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष तथा पूर्व कार्यकारिणी सदस्य राजीव शर्मा का नाम आ रहा है। राजीव शर्मा अगर मैदान में आये तो चुनाव होगा। यहां पर भाजपा की एक लॉबी पांचवे चेहरे के रूप में राजीव शर्मा को मौका देने के पक्ष में है। वो तर्क दे रहे हैं कि राजीव शर्मा का दो साल का कार्यकाल था और एक साथ वो उपाध्यक्ष पद और कार्यकारिणी सदस्य पद से आउट हो गये। इस लाबी का कहना है कि कार्यकारिणी में जानकार चेहरों का होना जरूरी है और सूत्र बताते हैं कि यहां संगठन ने वीटो लगाया तो चेहरे चेंज हो जायेंगे।

### फईमा-बिल्लु-मुलायम कर रहे हैं आने का प्रयास

करंट क्राइम। केवल भाजपा ही नहीं बल्कि विपक्ष से भी प्रयास हो रहे हैं। कांग्रेस पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम, पार्षद फईमा, लाइन पार से नरेश जाटव और पार्षद धीरेन्द्र बिल्लू भी निगम कार्यकारिणी में आने का प्रयास कर रहे हैं।







इनमें से कौन सा नाम सफल होता है ये देखने की बात है। खास बात ये है कि यहां जो भी नाम आयेगा वो अपने दम पर आयेगा और उनके संगठन को कोई क्रेडिट नहीं जायेगा।

### पहली बार का पार्षद नहीं होना चाहिए कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष

करंट क्राइम। यहां पर भाजपा की एक लॉबी ये तर्क दे रही है कि निगम कार्यकारिणी में पहली बार के पार्षद को उपाध्यक्ष ना बनाया जाये। वो महानगर अध्यक्ष के समक्ष भी ये बात रख चुके हैं कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष ऐसा हो जो सीनियर हो। जिसे निगम एक्ट की जानकारी हो। उनका मानना है कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद पर पार्टी के वरिष्ठ चेहरे को होना चाहिए। सीनियर चेहरा होगा तो यहां अलग बात रहेगी।

### विधायकों ने नहीं सुझाया अपनी पसंद का नाम

करंट क्राइम। एक दिन का समय बचा है और विधायकों ने निगम कार्यकारिणी के लिए अपनी पंसद का कोई नाम नहीं बताया है। गौरतलब है कि मेयर ने बाल विधायकों के पाले में डाल दी। विधायकों से कहा कि वो अपनी पसंद के नाम दे दें। और सीन यहां पर भी मेयर और विधायकों में पहले आप पहले आप वाला हो गया। विधायकों ने कोई नाम दिया नहीं है।

### किस गुर्जर पार्षद ने बर्थडे गिफ्ट में मांग लिया निगम कार्यकारिणी का पद

करंट क्राइम। नगर निगम कार्यकारिणी में जाने के लिए भाजपा पार्षदों में होड़ मच गई है। जब से पार्षदों को पता चला है कि संगठन का दखल है तब से पार्षदों की एक पूरी चहल पहल महानगर दफ्तर पर हो रही है। कुछ पार्षद महानगर अध्यक्ष की लोकेशन सर्च कर उन्हीं के आस पास मंडरा रहे हैं। बताते हैं कि एक गुर्जर पार्षद ने तो अपने बर्थडे गिफ्ट में ही कार्यकारिणी सदस्य का पद मांग लिया। गुर्जर पार्षद ने बर्थडे का गिफ्ट एडवांस में मांग लिया है। वहीं एक महिला पार्षद ने तो महानगर अध्यक्ष के फोन से लेकर उनके दफ्तर तक धरना दे दिया है। उन्हें कार्यकारिणी में जाना है।

### ये बात भी उठाई फिर पर्ची ही क्यों निकलवाई

करंट क्राइम। भाजपा की एक लॉबी सिम्पैथी फैक्टर पर राजीव शर्मा को दोबारा से निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष और निगम कार्यकारिणी सदस्य बनाना चाहती है। इस लॉबी का कहना है कि एक साल का कार्यकाल भी पूरा नहीं हुआ और उन्हें सिर्फ पर्ची के आधार पर बाहर किया गया है। राजीव शर्मा इस पूरे मुद्दे पर खामोश हैं। वो निगम की मुखिया मेयर के विवेक को सही बता रहे हैं और संगठन अध्यक्ष के फैसले को सर्वोपरि बता रहे हैं। अपनी तरफ से पूरी तरह खामोश हैं। लेकिन दूसरी लॉबी ना तो सिम्पैथी फैक्टर को मान रही है और ना ही वो अनुभवी को बनाने के फैसले पर राजी है। उनका कहना है कि यदि कोई व्यक्ति पर्ची के आधार पर बाहर हुआ और चार दिन बार वो फिर कार्यकारिणी उपाध्यक्ष या कार्यकारिणी मे आयेगा तो फिर इस पर्ची सिस्टम का क्या मतलब रह जायेगा। अगर पर्ची सिस्टम का मान सम्मान नहीं करना तो इसे बंद किया जाये। या ऐसा नियम बना दिया जाये कि सीनियर पार्षद के नाम की पर्ची ही नहीं डलेगी। अगर पर्ची सिस्टम है तो फिर ये नियम बनाया जाये कि पर्ची से आउट हुए किसी भी मैम्बर की अर्जी एक साल से पहले नहीं लगेगी।

# केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

## सीएम के वकील बोले- 'सबको जमानत मिल रही'



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति में भ्रष्टाचार से जुड़े सीबीआई केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। फिलहाल, हाईकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर फैसला 29 जुलाई को आएगा। ईडी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें पहले ही जमानत दे दी है। हाईकोर्ट में केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी पेश हुए, वहीं सीबीआई की तरफ से लोक अभियोजक डीपी सिंह ने अपने तर्क कोर्ट के सामने रखे।

केजरीवाल के वकील का कहना है कि वह एक मुख्यमंत्री हैं कोई आतंकी नहीं। पिछले कई महीने से वे जेल में हैं, लेकिन सीबीआई ने गिरफ्तार नहीं किया। जैसे ही ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल को ईडी मामले में जमानत दी उसके तुरंत बाद सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। सीएम के वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी केजरीवाल को अंतरिम जमान दी थी और और केजरीवाल ने सरेंडर कर दिया था। उसी के बाद ट्रायल कोर्ट ने जमानत दी थी। ट्रायल कोर्ट का फैसला बिल्कुल ठीक था। केजरीवाल कहीं भाग नहीं रहे हैं और उन्हें झूठे मामले में गिरफ्तार किया गया है। केजरीवाल ने हमेशा जांच में सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की ब्लड शुगर पांच बार सोते हुए 50 के नीचे जा चुकी है। यह चिंता का कारण है। सोते समय शुगर का स्तर गिरना खतरनाक है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सबको जमानत मिल रही है, मेरी पार्टी का नाम आम आदमी पार्टी है, लेकिन मुझे बेल नहीं मिल रही। तथ्यों को देखते हुए मुझे जमानत दी जाए। सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक डीपी सिंह ने कोर्ट से कहा- आज तक ऐसी कोई टिप्पणी नहीं आई है कि सीबीआई अतिउत्साही रही है या उसने ऐसा कुछ किया है, जिससे किसी कानून का उल्लंघन हुआ हो। आज तक सीबीआई ने ऐसा कोई कार्य नहीं किया है, जिसे अप्राप्य कहा जा सके। सीबीआई ने सामग्री जुटाने में तीन महीने तक काम किया, ऐसा नहीं है कि एजेंसी ने कुछ नहीं किया। केजरीवाल लोक सेवक हैं और उनसे पूछताछ के लिए पीसी एक्ट में अनुमति की जरूरत होती है। जनवरी में मामले में सरकारी गवाह बने मगुंटा रेड्डी ने बयान दिया और 23 अप्रैल में अनुमति मिली और इससे पहले हम कुछ नहीं कर सकते थे।

सीबीआई में काम करने का एक तरीका है। डीपी सिंह ने कहा कि सरकारी वकील होने के नाते मैं इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकता जिसका कोई कानूनी अर्थ नहीं है। इंश्योरेंस अरेस्ट जैसे शब्द का इस्तेमाल न्यायसंगत नहीं है। जांच एजेंसी होने के नाते हमारे पास अपने अधिकार है। हमारे पास अपने अधिकार हैं कि किस आरोपी के खिलाफ कब चार्जशीट करनी है और किस आरोपी को किस समय बुलाना है। वो एक मुख्यमंत्री हैं उनकी भूमिका साफ नहीं थी, क्योंकि क्योंकि शराब नीति आबकारी मंत्री के तहत बनी थी लेकिन जब जरूरी लगा उन्हें बुलाया गया। सिघवी ने इंन्योरेंस गिरफ्तारी शब्द अपनी तरफ से गढ़ा है ये अनुचित है।

उन्होंने आगे कहा कि सीबीआई ने उन्हे धारा 160 के तहत बुलाया था, लेकिन यह धारा गवाहों के लिए नहीं है। इसका इस्तेमाल केस के तथ्यों से परिचित किसी भी व्यक्ति के लिए किया जा सकता है। ये कोई भी हो सकता है। इनका कहना है कि उनसे पूछताछ 9 घंटे तक चली। हमारे पास ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग है। सब कुछ टाइप किया गया, उन्होंने उसे चेक किया और उसमें सुधार भी किए और उन सुधारों को समायोजित किया गया। इस दौरान सीबीआई कार्यालय के बाहर भारी भीड़ थी। कौन तय करेगा कि किसी मामले की जांच कैसे की जाए? क्या ये तय करेंगे?

## महाराष्ट्र में शिंदे सरकार की विदाई तय, 'लाडला भाई योजना' पर बरसे उद्धव गुट के प्रवक्ता



**मुंबई।** विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में एकनाथ शिंदे सरकार ने बेरोजगार युवाओं के लिए सरकारी खजाना खोल दिया है। प्रदेश सरकार की ओर से लाडली बहना योजना की तर्ज पर बेरोजगार युवकों के लिए 'लाडला भाई योजना' शुरू करने की घोषणा की गई है। इस घोषणा तुरंत बाद उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना पार्टी के प्रवक्ता आनंद दुबे ने इस योजना की कड़े शब्दों में लानत-मलामत की। उन्होंने कहा, जिस दिन से लोकसभा चुनावों के नतीजे आए हैं और महायुति गठबंधन को 48 में से सिर्फ 17 सीटें मिली हैं, उसी दिन से महायुति सरकार बेचैन है।

पहले लाडली बहना योजना लाती है जिसमें हर बहन को 1500 रुपये मिलेंगे और आज आनन-फानन में लाडला भाई योजना लाए हैं, जिसमें यदि आप बारहवीं पास हैं तो 6000 रुपए, आप डिप्लोमा होल्डर हैं तो 8000 रुपए और आप ग्रजुएट हैं तो 10000 रुपए आपको महीने में मिलेंगे। उन्होंने आगे कहा, इस बेचैनी और विचलित होने का कारण मैं समझ सकता हूं। आपको पता चल चुका है कि महाविकास अघाडी हर सर्वे में आगे है, हर रुझान में आगे चल रही है। पूर्ण बहुमत की सरकार आने वाली है, इसलिए आप डैमेज कंट्रोल में लग गए। आप सोच रहे हैं कि कौन से ऐसे लोक लुभावने वादों का पिटारा खोल दिया जाए कि लोग दिल खोल कर हमें मतदान करें। महायुति को मतदान करें, लेकिन ऐसा कुछ होने वाला नहीं है। वह आगे कहते हैं, ये जो महाराष्ट्र का लाडला भाई है वह आपको बहुत अच्छी तरह से जानता है। वह देख रहा है कि किसी नौकरी में यदि पांच लोगों की जरूरत है तो पांच हजार लोग जमा हो जा रहे हैं। आपके कुकर्मों की वजह से, आपके झूठे वादों की वजह से। कितनी भी योजनाएं आप ला दो, कितने भी वादे आप कर दो तीन महीने बाद आपकी विदाई तय है। गाजे-बाजे के साथ आपकी विदाई होगी और महाविकास अघाड़ी वो सारे वादे पूरे करेगी जो नौजवान चाहता है, आप तो केवल जुमलेबाजी कर रहे हो।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र सरकार ने लाडला भाई योजना के तहत 12वीं पास बेरोजगार युवाओं को 6000 रुपए महीना देगी। इसके अलावा डिप्लोमा धारकों को 8000 रुपए और ग्रेजुएट को 10,000 रुपए महीना देने का ऐलान किया है।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया कानपुर और महोबा का भ्रमण

## सर्किट हाउस और वीरभूमि राजकीय महाविद्यालय का किया निरीक्षण







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग जनशक्तिकरण नरेंद्र कश्यप ने बुधवार को दो जनपदों का दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने सर्किट हाउस कानपुर में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारी ,संयोजक ,दिव्यांगजन प्रकोष्ठ और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। फिर कानपुर मंडल के पिछड़ा वर्ग कल्याण शिक्षण विभाग के मंडलीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके साथ ही फिर वह कार द्वारा हमीरपुर के लिए निकल गए। जनपद कानपुर सर्किट हाउस में कानपुर उत्तर प्रदेश दक्षिण भाजपा जिला अध्यक्ष दीपू पांडे,, शिवम राम सिंह ,ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष कार्यकर्ता दिव्यांग जनों से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप का स्वागत किया गया। साथ ही विधायक सुरेंद्र मैथानी व अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित हुए।

### महोबा में शिविर का किया उद्घाटन पदाधिकारी से की मुलाकात

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बुधवार को वीर भूमि राजकीय महाविद्यालय जनपद महोबा में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा आयोजित शिविर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही पंडित गणेश प्रसाद में श्री खेल परिसर नौगांव महोबा में समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के बाद वह हमीरपुर होते हुए कानपुर और लखनऊ पहुंचे। इससे पहले जनपद महोबा निरीक्षण भवन में गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त कर जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी दिव्यांगजनों से बैठक भी की। इस दौरान यहां आयोजित की गई बैठक में उन्होंने सभी से मुलाकात भी की। यहां कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता , ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेश राजपूत उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कानपुर और महोबा दौरे के दौरान पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। लोकसभा चुनाव के परिणामों को लेकर चर्चा की ,तो वहीं आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी उन्होंने बातचीत की है।

## नड्डा से मिले भूपेंद्र-केशव, सरकार व संगठन में दूरी की चर्चाओं पर विराम लगाने को कहा

**लखनऊ।** यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

इस बीच संगठन में भी फेरबदल की चर्चा होने लगी है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बयान (सरकार से बड़ा संगठन होता है) से पार्टी के अंदरखाने भड़की सियासी आग की आंच दिल्ली तक पहुंच गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को दिल्ली बुलाकर बात की। सूत्रों की मानें तो दोनों नेताओं को सरकार और संगठन के बीच तलवार खिंचने की चचाओं पर तत्काल विराम लगाने को कहा गया है। सूत्रों की माने तो एक सप्ताह पहले भी केशव अमित शाह और नड्डा से मिले थे।

## दिल्ली सरकार करेगी इंडस्ट्रियल एरिया का कायाकल्प



**नई दिल्ली।** औद्योगिक क्षेत्रों के विकास और रखरखाव को लेकर दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सचिवालय में 27 अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों के फैक्ट्री मालिकों की एसोसिएशन के साथ मुलाकात की। मीटिंग में मंत्री सौरभ भारद्वाज और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ डीएसडीसी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार 27 अनप्लान्ड इंडस्ट्रियल एरिया के विकास और रखरखाव को लेकर बेहद गंभीर है।

पिछले लंबे समय से व्यापारिक संगठनों के साथ मिलकर इन क्षेत्रों के विकास के लिए काम कर रही है और इन क्षेत्रों के कायाकल्प को लेकर एक स्कीम लेकर आई है। इस स्कीम के तहत औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए जो भी लेआउट प्लान में खर्च होगा, उस खर्च का 90 प्रतिशत हिस्सा दिल्ली सरकार खर्च कर रही है और 10 प्रतिशत हिस्सा फैक्ट्री मालिक वहन कर रहे हैं। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने बैठक के दौरान उद्योग मंत्री सौरभ भारद्वाज से कहा कि दिल्ली में 29 ऑथोराइज्ड इंडस्ट्रियल एरिया हैं, जबकि दिल्ली में 27 अनप्लान्ड इंडस्ट्रियल एरिया हैं। यहां के सभी फैक्ट्री मालिकों की दिल्ली सरकार से गुजारिश है कि एमसीडी में जो नक्शे पास कराए जाएंगे, उसकी फीस काफी ज्यादा है। व्यापारियों का अनुरोध है कि एमसीडी नक्शे पास कराने का खर्च भी स्कीम के अनुसार ही होना चाहिए। इस मांग पर मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सहमति जताई और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की स्कीम के अनुसार ही नक्शे पास करने की फीस को लेकर पॉलिसी पर विचार हो।

मैन्युफैक्करिंग फेडरेशन के अध्यक्ष विजय विरमानी ने दिल्ली सरकार की स्कीम का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले 30 सालों में पहली बार किसी सरकार ने व्यापारियों की सुध ली है। डाबड़ी, ख्याला, हस्तसाल, नंगली सकरावती, नवादा, पीरागढ़ी, रिठाला, मंडोली, हैदरपुर, करावल नगर, शालामार गांव, समयपुर बादली, लिबासपुर, टीकरी कलां आदि औद्योगिक क्षेत्रों में छोटी-छोटी फैक्ट्रियां हैं और इन क्षेत्रों में मध्यम वर्गीय व्यापारी व्यापार चलाते हैं।

इन औद्योगिक क्षेत्र में लाखों की संख्या में लोग काम करते हैं। इन छोटे-छोटे औद्योगिक क्षेत्र से लाखों लोगों का परिवार चलता है। उन्होंने कहा कि इन औद्योगिक क्षेत्रों के कायाकल्प होने से न केवल व्यापारी वर्ग को ही लाभ होगा, बल्कि इन क्षेत्रों में उद्योगों को और अधिक बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, साथ ही साथ दिल्ली की अर्थव्यवस्था में भी सुधार होगा।

## झारखंड सरकार विदेशी घुसपैठियों को दे रही संरक्षण : शिवराज सिंह चौहान



**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर जोरदार जुबानी हमला बोला। रांची के हटिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रखा है। इस वजह से राज्य की डेमोग्राफी बुरी तरह प्रभावित हुई है। अगर इस विधानसभा चुनाव के बाद यह सरकार फिर आ गई तो यह तय है कि इस राज्य के मूल निवासी आने वाले दिनों में अल्पसंख्यक होकर रह जाएंगे। चौहान ने कहा कि इस राज्य की संस्कृति, पंरपराओं और मूल्यों को बचाने के लिए विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत जरूरी है। लोकसभा चुनाव में हमने राज्य की 14 में से 9 सीटें जीतीं और 81 में 50 विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की। विधानसभा चुनाव में भी हम ह्यमहाविजयह्व प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का परिणाम साधारण परिणाम नहीं है, तभी तो तीसरी बार मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने हैं। पीएम मोदी जी की गारंटी पर जनता ने मुहर लगाई है। सामने वाले 99 पर खुश हैं। आप इसी पर खुश रहिए, शासन हम चलाते रहेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि पांच साल पहले जब राज्य में रघुवर दास के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार थी।

# हैल्प एशियन फाउंडेशन द्वारा सदस्य नियुक्ति का किया गया आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हैल्प एशियन फाउंडेशन संस्था द्वारा सदस्यों की नियुक्ति के लिए एक आयोजन किया गया। इस आयोजन में संस्था के मुख्य कार्यालय डासना पर नियुक्त किए गए सदस्यों के कार्यों और समाज सेवा में उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए पद नियुक्त किए गए। चौधरी अफसर को हैल्प एशियन फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा, सैयद असलम, वसीम कुरैशी, शाहेमीर चौधरी, और शहजाद खान को राष्ट्रीय संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। प्रदेश प्रवक्ता बीडीसी संघ उत्तर प्रदेश को भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया, और क्षेत्रीय पंचायत सदस्य मास्टर जी रिजवान को भगत सिंह की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।

सभी सदस्यों ने मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष शकील अहमद को उनके कार्य को देखते हुए देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम के अंत में, राष्ट्रीय अध्यक्ष शकील अहमद ने बताया कि संस्था भ्रष्टाचार के खिलाफ और देश में शिक्षा के प्रसार के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था के सदस्य इसी तरह से बढ़ते रहेंगे और जनहित में समर्पित होकर कार्य करते रहेंगे। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सदस्यों में नए जोश और उमंग का संचार हुआ।

# सीएम सुक्खू ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बरसात में क्षतिग्रस्त सड़कों के लिए मांगे 172.97 करोड़




**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में यह बात कही। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से प्रदेश की 39.20 किलोमीटर लंबी रानीताल-कोटला और 41.50 किलोमीटर लंबी घुमारवीं-जाहू-सरकाघाट सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन सड़कों का निर्माण पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग के मानकों के अनुसार किया जा चुका है और सैद्धांतिक रूप से इन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में सड़कें परिवहन का मुख्य साधन हैं और पिछले आठ वर्षों के दौरान राज्य के लिए कोई भी नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित नहीं किया गया। राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने राज्य आपदा-2023 के दौरान क्षतिग्रस्त हुए राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ लगते विभिन्न राज्य मार्गों के उन्नयन के लिए 172.97 करोड़ रुपये जारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इन सड़कों में कुल्लू-मनाली, मंडी-कमांद-कटोला-बजौरा सड़क और चैल-गोहर-पंडोह सड़क शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले मानसून में प्राकृतिक आपदा के बाद केंद्रीय मंत्री की ओर से राज्य के दौरे के दौरान घोषणा की गई थी कि केंद्र राष्ट्रीय राजमार्गों से एक किलोमीटर के दायरे में क्षतिग्रस्त राज्य सड़कों की मरम्मत के लिए केंद्र सरकार धनराशि प्रदान करेगी। पिछले मानसून के दौरान कुल्लू-मनाली राजमार्ग के क्षतिग्रस्त होने पर वाहनों की आवाजाही में सहायक सिद्ध हुई थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला-मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य का एक महत्वपूर्ण राजमार्ग है जो 8 जिलों को प्रदेश की राजधानी और समीपवर्ती राज्यों को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न मानकों के अनुसार राजमार्गों का निर्माण उचित नहीं है और अधिकारियों को राजमार्गों का दो लेन मानकों के बजाय चार लेन मानकों के अनुसार उन्नयन करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया कि उनकी ओर से 69 सैद्धांतिक राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए गए थे, जिनमें से वर्ष 2018-19 में 58 राष्ट्रीय राजमार्ग की अलाइनमेंट रिपोर्ट को अनुमोदन के लिए मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने कहा कि इन अलाइनमेंट रिपोर्टों के लिए अनुमोदन अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने मामले पर शीघ्र कार्रवाई करने का भी आग्रह किया। नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री की ओर से प्रस्तुत प्रत्येक मामले पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने ठेकेदारों को सभी परियोजनाएं समयबद्ध पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, आवासीय आयुक्त मीरा मोहंती, राज्य तथा केंद्र के संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



### सीएम सुक्खू ने अमित शाह से भेंट की

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू जी ने नई दिल्ली में देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई।

## डासना में मोहर्रम का शांतिपूर्ण आयोजन







**गाजियाबाद/डासना (करंट क्राइम।** डासना में मोहर्रम के अवसर पर ताजियादारी और अखाड़ा निकाला गया। इस दौरान ताजियों में शामिल प्रमुख व्यक्तियों में चौधरी रफत, चौधरी परागत, चौधरी जोहार, चौधरी मसीयत, मुजाहिद, मुसर्रत, नुसरत, चौधरी वकील प्रमुख थे। अखाड़े में चौधरी इस्तखार, चौधरी सलीम, चौधरी नजारत, चौधरी काशिफ, चौधरी फैजिया, चांद भाई, चौधरी इंतजार, और चौधरी जावेद ने भाग लिया। इस मौके पर सभी ने मिलकर मोहर्रम का आयोजन प्यार और मोहब्बत से किया। पुलिस प्रशासन ने भी उत्कृष्ट इंतजाम किए और पूरे आयोजन में सहयोग दिया। मोहर्रम का यह आयोजन शांतिपूर्ण और सफल रहा।

## पीएम मोदी से मिले यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के राजनीतिक हालात पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक भाजपा में बैठकों का दौर जारी है। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकत की है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान भूपेंद्र चौधरी ने उन्हें लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन से जुड़े तथ्यों से अवगत कराया है। आपको बता दें कि इससे एक दिन पहले उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर उन्हें प्रदेश के राजनीतिक हालात, संगठन की हालत और लोकसभा चुनाव में आए नतीजे से जुड़े तथ्यों से अवगत कराया था। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि दिल्ली में मेल-मुलाकातों और बैठकों का यह दौर अभी आगे भी जारी रह सकता है।

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, विवेक अग्रवाल पुत्र चेतन प्रकाश अग्रवाल, निवासी 6, गंगा नगर , रेलवे रोड, हापुड़ (उप्र)-245101अपने नाबालिग बेटे का नाम देव कुमार से बदलकर देव गुप्ता कर लिया है। अब से उसे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए देव गुप्ता के नाम से जाना जाएगा।




SS PATH LAB & DIAGNOSTIC CENTRE (Your Health is Our Priority)
Ultrasound ⊕ Digital X-Ray ECG ⊕ Blood Tests
ब्लड टेस्ट पर 50% छूट
अल्ट्रासाउंड मात्र : ₹800/-
डिजिटल एक्स-रे मात्र : ₹250/-
ई.सी.जी. मात्र : ₹200/-
Lab Director : Dr. Sagar Kashyap (MBBS,MD)
Free Home Collection Facility Available
पता : सी-2, कचहरी रोड, आर.डी.सी. राजनगर, गाजियाबाद 0120-3501102, 9625609360


# जनसुनवाई और क्राइम कंट्रोल को लेकर रहेगा आईपीएस राजेश कुमार का फोकस

## दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में कहा पश्चिम के जिलों का मेरे पास है बेहतर अनुभव और गाजियाबाद नहीं है मेरे लिया नया

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** मंगलवार की देर रात शासन स्तर पर तबादले हुए और इन तबादलों के बाद गाजियाबाद में आईपीएस अधिकारी राकेश कुमार को भेजा गया है। राकेश कुमार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी सिटी जोन के प्रबल दावेदार बताए जा रहे हैं।



वहीं उन्होंने बुधवार देर रात गाजियाबाद में चार्ज ले लिया है। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में क्राइम कंट्रोल करना और जनसुनवाई पर बेहतर रिस्पांस व फोकस देना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। वह इसको लेकर फोकस करेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी की वह पूर्व में गाजियाबाद में एसपी ट्रैफिक रह चुके हैं। गाजियाबाद के साथ ही उनको पश्चिम के कई प्रमुख जिलों में नौकरी का अनुभव भी है। उन्होंने बताया है कि वह लखनऊ में एसपी भ्रष्टाचार निवारण संगठन के पद पर थे।

उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नर अजय मिश्र उनको गुरुवार को आधिकारिक तौर पर डीसीपी सिटी का चार्ज सौंप देंगे। बता दें कि राजेश कुमार, गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ और शाहजहांपुर जैसे जनपदों में रह चुके हैं। मेरठ और बुलंदशहर में रहते हुए उन्होंने कई बड़ी वारदातों का राजफाश किया है।

### गाजियाबाद की भौगोलिक स्थिति से हैं भली भांति परिचित

**करंट क्राइम ।** बता दें कि आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार पूर्व में गाजियाबाद में बतौर एसपी ट्रैफिक तैनात रह चुके हैं। वह यहां की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हैं। इसके अलावा वह मेरठ, फिरोजाबाद और सहारनपुर जिलों में भी बतौर एसपी सिटी और एसपी ग्रामीण के रूप में तैनात रह चुके हैं। वर्तमान में वह लखनऊ में एसपी भ्रष्टाचार निवारण संगठन के पद पर कार्यरत थे। माना जा रहा है कि चार्ज लेने के बाद पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र उन्हें डीसीपी सिटी का दायित्व सौंपेंगे।

### राजेश कुमार ने लिया कमिश्नरेट में चार्ज, अब तक 82 एनकाउंटर किए



**करंट क्राइम ।** आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार ने बुधवार देर रात पुलिस कमिश्नरेट में पहुंचे और उन्होंने चार्ज ले लिया है। गुरुवार से वह कांवड़ यात्रा और डेली वर्किंग के लिए जुट जाएंगे। बताया जा रहा है कि राजेश कुमार एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के तौर पर पुलिस विभाग में अपनी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने अब तक 82 एनकाउंटर किए हैं और 10 कुख्यात नामी अपराधियों को मौत के घाट उतारा है। उनकी ड्यूटी के दौरान वह बदमाश दुर्गेश सिंह के आतंक को खत्म कर चुके हैं। तो उन्होंने पश्चिम के क्राइम के मामले में बड़े जिले मेरठ जैसे बड़े शहर की सड़कों पर खुद उतर के पुलिसिंग की है। वह अपने अधिनस्थों पर विश्वास के साथ वर्किंग करते हैं।

### संक्षिप्त परिचय :

- नाम : राजेश कुमार
- पिता का नाम : पीएन चौरसिया
- गृह जनपद : जौनपुर उत्तर प्रदेश
- शिक्षा : एमए फिलॉस्फी
- उपलब्धियां : उत्कृष्ट सेवा पदक 2022, प्रधानमंत्री पदक 2023,
- सिल्वर मेडल 2023। यह सभी पदक बेहतर भीतर
- पुलिसिंग के साथ अदम्य साहस और शौर्य के लिए दिया गया है।



### पश्चिम के कई बड़े जिलों में किया है राजेश कुमार ने काम

**करंट क्राइम ।** गाजियाबाद में भेजे गए आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार गाजियाबाद में ट्रैफिक विभाग की कमान संभाल चुके हैं। तो वहीं वह मेरठ, बुलंदशहर फिरोजाबाद, सहारनपुर जैसे बड़े जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। बताया जाता है कि वह मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर के रहने वाले हैं। क्राइम में अच्छी पकड़ के साथ उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी मजबूत बताई जाती है। उनके पिता प्रिंसिपल रहे हैं और पूरा परिवार शिक्षा से जुड़ा हुआ है।

### चार्ज लेते ही कांवड़ यात्रा के एक्शन प्लान में जुटेंगे आईपीएस राजेश कुमार




**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में चार्ज लेने के तुरंत बाद ही आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार ने आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर एक्शन मोड में आना होगा। सूत्र बता रहे हैं कि वह गुरुवार या शुक्रवार को दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही मेरठ रोड और सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले कांवड़ यात्रा के मुख्य कंट्रोल रूम और अन्य प्रमुख स्थानों को लेकर कांवड़ यात्रा की रणनीति भी तैयार करेंगे। वहीं अधिकारियों के साथ ही बार चुनाव पर भी उनकी नजरें रहेंगी।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा डोमेस्टिक एयरपोर्ट का पूरा क्रेडिट जनरल वीके सिंह के नाम

## बस वो मुझे उपलब्ध करा दें प्रोजेक्ट लाईन में है उनके कौन से काम


पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह ने कर दी स्थिति स्पष्ट, कहा अगस्त में उड़ेंगे यहां से जहाज


इससे पहले अतुल गर्ग उठायेंगे लोकसभा में हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान का मुद्दा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने डोमेस्टिक एयरपोर्ट को लेकर सवाल उठाया। उनकी आवास संसद में गूंजेगी और वो ये जानना चाहते हैं कि सरकार का इतना पैसा खर्च होने के बाद भी यहां से फ्लाईट क्यों नहीं उड रही है।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के इस बयान के बाद पूर्व केन्द्रीय मंत्री और गाजियाबाद के पूर्व लोकसभा सांसद जनरल वीके सिंह की प्रतिक्रिया आई थी। उन्होंने बताया था कि क्या काम चल रहा है और अगस्त महीने से यहां से उड़ान शुरू होगी। इस प्रतिक्रिया पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की प्रतिक्रिया आई है। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मैं सांसद होने के नाते जो भी जनता से जुडे काम है जनता की सुविधा से जुडे काम हैं, उन्हें करवाने का प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने कहा ये ये बहुत अच्छी बात है कि जनरल वीके सिंह के प्रयासों से अगस्त के महीने में सिकन्दर एयरपोर्ट से जहाज उड़ेंगें। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मैं इस हवाई अड्डे की किसी भी उड़ान का कोई क्रेडिट नहीं लेना चाहता हूं। ये क्रेडिट वास्तव में जनरल वीके सिंह का ही बनता है। मुझे अखबार के माध्यम से पता चला कि अगस्त में इस रनवे से हवाई जहाज उड़ेगा। यहां पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मेरा सिर्फ इतना अनुरोध है कि जनरल वीके सिंह चाहे तो अखबार के माध्यम से, मुझे फोन करके इतना अवगत करा दें कि उनके कौन कौन से काम अभी प्रोजेक्ट पाईप लाइन में हैं। उन्होंने कहा कि क्रेडिट किसी भी काम का मुझे मिले या जनरल वीके सिंह को मिले वो जाता तो भाजपा के खाते में ही है। हम दोनों भाजपा से हैं और भाजपा के लिए ही काम कर रहे हैं। बेहतर होगा कि जनरल वीके सिंह एक बार अपने प्रोजेक्ट पाइप लाईन के कामों की लिस्ट उपलब्ध करा दें।

# लाइन पार से भरी पंजाबी समाज ने हुंकार, जरूर लड़ेंगे चुनाव अगर नहीं हुआ यहां पर विचार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पंजाबी समाज चुनावी हसरत को लेकर पूरी कसरत कर रहा है। पंजाबी समाज एक सर्वे रिपोर्ट के बाद और ज्यादा एकजुट हुआ है। पंजाबी समाज के लोगों का ये कहना है कि उनकी संख्या ज्यादा है और ये अलग बात है कि पंजाबी बिरादरी अपनी ताकत नहीं दिखाते हैं। लेकिन अब पंजाबी समाज एकजुट हो रहा है और सूत्र बताते हैं कि विजय नगर क्षेत्र के लीलावती स्कूल की बैक साइड में बने साईं भवन में पंजाबी समाज की एक बैठक हुई है। इस बैठक में पंजाबी समाज के कई प्रमुख




चेहरे शामिल हुए हैं। राजनीतिक गुणा भाग की बात हुई है और इस बात पर चर्चा हुई है कि इस बार हमें सियासत में ये गलत फहमी गलत करनी है कि हमारी संख्या कम है। पंजाबी समाज ने चुनावी हुंकार भरी और कहा कि हमें अलग अलग पोस्टर बैनर लगाकर अपनी संख्या का एहसास कराना है। यहां तक कहा गया कि अगर एक बड़ी पार्टी ने हमें चुनावी भागीदारी में इग्नोर किया तो तुरंत दूसरी पार्टी से चुनाव लड़ा जायेगा।

खतरी समाज के एक प्रमुख चेहरे ने पंजाबियों की इस बैठक में सियासी आंकडे गिनाये और शहर विधानसभा से 50से 60 हजार पंजाबी बताये। सूत्र बताते हैं कि पंजाबी समाज की इस बैठक में 21 आदमियों की एक कमेटी बनेगी जो पजाबी समाज को जोड़ने की काम करेगी और बड़ी बात ये है कि लाईन पार में हुई पहली बैठक में ये भी ऐलान हुआ कि अलगी बैठक लाईन से उस पार यानी शहर क्षेत्र में होगी। इस बैठक में पंजाबी समाज के नेताओं ने पंजाबियों का योगदान बताया। ये भी बताया कि समाज सभी दलों के नेताओं का सम्मान करता है और अब वो समय आ गया जब पंजाबी समाज का भी सियासत वाले सम्मान करें और हमारा भी जनप्रतिनिधि होना चाहिए।

# हल्के वाहनों को लेकर भी जारी हुआ रूट डायवर्जन प्लान, 27 जुलाई की रात 12 बजे से नहीं मिलेगी एंट्री










### भारी संख्या में लगाया जाएगा पुलिस बल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** कांवड़ा यात्रा 22 जुलाई से शुरू हो जाएगी लेकिन हल्के वाहन जिसमें चार पहिया, निजी और व्यावसायिक वाहन व तीन पहिया वाहन शामिल हैं, उनके लिए 27 जुलाई की रात 12 बजे से ही रूट डायवर्जन लागू हो जाएगा। यह प्लान पांच अगस्त को रात 8 बजे तक जारी रहेगा। यातायात पुलिस गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा हल्के वाहनों के लिए भी रूट डायवर्जन प्लान बुधवार को जारी कर दिया गया है। जिसके तहत लगभग आठ दिनों के लिए हल्के वाहन चालकों को भी अलग-अलग रूट पर आने जाने में अपना मार्ग बदलना होगा। एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष कुमार सिंह ने जानकारी दी है कि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। इसके लिए पूर्व में ही डायवर्जन प्लान बना दिया गया है।

### हल्के वाहन चालकों को बदलना होगा रूट

**करंट क्राइम ।** कांवड़ यात्रा के दौरान गंग नहर पटरी, कांवड़ मार्ग पाइप ,लाइन मार्ग पर सभी हल्के वाहनों का प्रतिबंध 28 से लेकर 5 अगस्त तक रहेगा। यातायात पुलिस द्वारा जानकारी दी गई है कि मोहन नगर, मेरठ रोड़ तिराहा, राज नगर एक्सटेंशन, हापुड़ चुंगी से राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-58 पर मेरठ जाने वाले वाहनों को 29 जुलाई से पूरी तरह रोक दिया जाएगा।

### ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर भी लगेगी रोक

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा हल्के वाहनों के लिए जो रूट डायवर्जन प्लान और एडवाइजरी प्लान जारी किया गया है ,उसके अनुसार पलवल, कोंडली से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से आने वाले हल्के वाहन जिनका गंतव्य गाजियाबाद शहर मुरादनगर, मोदीनगर है, वह 29 जुलाई की रात से दुहाई कट पर नहीं उतर पाएंगे। डासना कट पर उतर कर उनको राष्ट्रीय राजमार्ग-09 का प्रयोग करते हुए ही आगे की ओर जाना पड़ेगा।

### मेरठ रोड चौराहे से मोहन नगर सीमापुरी जाने में बदलेगा रूट

**करंट क्राइम ।** मेरठ तिराहा से मोहन नगर, सीमापुरी की ओर जाने वाले वाहन 28 की रात से सीमापुरी बॉर्डर की ओर आने वाले लेने में आगमन कर सकेंगे लेकिन 29 जुलाई की रात से इस मार्ग पर सभी वाहनों को पूरी तरीके से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। इस पर हल्के वाहन भी संचालित नहीं होने दिए जाएंगे।

### लोकल रूट पर भी चलना होगा मुश्किल

**करंट क्राइम ।** पुलिस द्वारा डायवर्जन प्लान जारी कर दिया गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान लोकल रूट पर चलने के लिए भी लोगों को परेशान होना पड़ेगा। भले ही वह हल्के वाहनों का क्यों ना इस्तेमाल करते हो। चौधरी मोड़, नया बस अड्डा ,गऊशाला फाटक, हापुड़ तिराहा, कैलाभट्टा की ओर से दूधेश्वरनाथ मंदिर की ओर सभी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त पटेल नगर फ्लाईओवर पर भी भारी वाहनों का आगमन बंद किया जाएगा। संजय गीता चौक, घूकना मोड, आरडीसी कट, सिहानी चुंगी, संजय नगर फ्लाईओवर से राष्ट्रीय राजमार्ग 34 की ओर भी वाहनों को रोका जाएगा। इसके साथ ही मेरठ तिराहे से संतोष मेडिकल, जलकर निगम टी पॉइंट पर भी वाहनों को आने-जाने के लिए प्रतिबंधित रखा जाएगा।

### रेलवे स्टेशन ,किराना मंडी, रमते राम रोड से दूधेश्वरनाथ मंदिर जाने के लिए बदलना होगा रास्ता

**करंट क्राइम ।** यातायात पुलिस द्वारा हल्के वाहनों के लिए जो एडवाइजरी प्लान जारी किया गया है, उसके तहत रेलवे स्टेशन रोड, किराना मंडी, रमते राम रोड, घंटाघर, बजरिया, दिल्ली गेट की तरफ से आने वाले हल्के वाहनों का आवागमन मंदिर मार्ग दूधेश्वरनाथ पर पूरी तरीके से प्रतिबंधित रहेगा। वही मेरठ रोड से हिंडन नदी, कनवानी एवं इंदिरापुरम किसी भी प्रकार के वाहन नहीं जा सकेंगे। इन वाहनों को पुराना बस अड्डे से चौधरी मोड़ होते हुए डायवर्जन करते हुए विजयनगर से रेलवे पुल और एनएच-09 पर भेजा जाएगा।

### कांवड़ मार्ग पर नहीं चलेंगे किसी भी प्रकार के ऑटो

करंट क्राइम । कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के ऑटो का संचालन सीमा बॉर्डर से लाल कुआं के बीच पूरी तरीके से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त एनएच-58 मरेठ रोड मार्ग पर भी किसी प्रकार के ई-रिक्शा, ऑटो को आने-जाने नहीं दिया जाएगा। मोहन नगर से वसुंधरा फ्लाईओवर के बीच भी ऑटो का संचालन कांवड़ यात्रा व डाक कांवड़ के मद्देनजर बंद रखा जाएगा।

### महत्वपूर्ण फोन नम्बर

- नगर नियन्त्रण कक्ष- सी0यू0जी0- 9643208942 लैण्ड लाइन- 0120-2989100
- ग्रामीण नियन्त्रण कक्ष- सी0यू0जी0- 8929436700 लैण्ड लाइन- 0120-2764999
- ट्रान्स हिण्डन नियन्त्रण कक्ष- सी0यू0जी0- 9643204440 लैण्ड लाइन- 0120-2990100
- ट्रैफिक नियन्त्रण कक्ष- सी0यू0जी0- 9643322904 लैण्ड लाइन- 0120-2986100

### जाम में हों परेशान तो इनको मिलाएं फोन :



- यातायात निरीक्षक प्रथम दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे/ शहर क्षेत्र-7007847097
- यातायात निरीक्षक द्वितीय मेरठ रोड/षहर क्षेत्र- 8707676770
- यातायात निरीक्षक तृतीय मुरादनगर/मोदीनगर क्षेत्र- 7398000808
- यातायात निरीक्षक चतुर्थ यूपी गेट/इन्द्रापुरम क्षेत्र- 8130674912
- यातायात निरीक्षक पंचम मोहननगर/तुलसी निकेतन/सीमापुरी क्षेत्र- 9219005151
- प्रभारी उपनिरीक्षक यातायात लोनी/टीला मोड क्षेत्र- 9412743743

## संपादकीय

# निरंकुश हुई महंगाई


खुदरा महंगाई दर के बाद अब थोक महंगाई के आंकड़े भी आ गए हैं। हालांकि पिछले चार महीनों से थोक महंगाई में लगातार वृद्धि का रुख बना हुआ है, यह सोलह महीनों के उच्च स्तर 3.36 फीसद पर पहुंच गई। अभी इसमें बहुत बदलाव की गुंजाइश नजर नहीं आ रही। बरसात को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि अगले महीने इसमें कुछ कमी दर्ज होगी। बताया जा रहा है कि जून में तेज लू चलने के कारण सब्जियों के उत्पादन पर असर पड़ा, जिसकी वजह से महंगाई बढ़ी है। जून में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 10.87 दर्ज हुई।

**सबसे अधिक महंगाई सब्जियों में देखी गई :** इनमें सबसे अधिक महंगाई सब्जियों में देखी गई। प्याज की कीमतों में 99.35 फीसद, आलू में 66.37 तथा अन्य हरी सब्जियों में 38.35 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। फलों की कीमतों में 10.14 फीसद, मोटे अनाज में 9.27, गेहूं में 6.25 और दालों की कीमतों में 21.64 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। स्वाभाविक ही इसका असर विनिर्मित खाद्य वस्तुओं पर भी पड़ा है। यह तब है जब जून में पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस और बिजली की कीमतों में कमी दर्ज हुई।

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की मार सबसे अधिक गरीब और सामान्य आय वर्ग के लोगों पर पड़ता है। सब्जियों और दालों की कीमतें बढ़ने से लोगों को अपने भोजन पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगस्त में जब सब्जियों की नई फसल आनी शुरू होगी, तब महंगाई में कुछ कमी दर्ज होगी। इसी तरह मोटे अनाज और दलहन की नई फसल आने के बाद कुछ राहत मिलेगी। मगर यह तो तय है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतें मौसम के मिजाज पर निर्भर करती हैं। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह मौसम का रुख कृषि क्षेत्र के लिए अनुकूल नहीं दिखाई दे रहा है, उसमें आने वाले समय में इसे लेकर कितना भरोसा किया जा सकता है। ऐसे में, फिर से यह जरूरत रेखांकित हुई है कि फसलों की सुरक्षा, भंडारण, शीतगृहों की क्षमता बढ़ाने आदि जैसे जरूरी उपायों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। महंगाई पर काबू पाने के लिए केवल रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें पर्याप्त उपाय नहीं हैं।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बनेगा सोलर पार्क

## एक लाख उपभोक्ताओं को मिलेगी बिजली



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के करीब 1,700 हेक्टेयर में सोलर पार्क विकसित किया जाएगा। इसे उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की देखरेख में बीओओ (बिल्ड, ओन एंड ऑपरेट) मॉडल पर विकसित किया जाएगा। पिछले साल अगस्त में यूपीडा की ओर से प्री-फिजिबिलिटी के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किया गया था, जिसमें नौ संस्थाओं की ओर से प्रेजेंटेशन दिया गया था। इनमें से मेसर्स ग्लोबल एनर्जी एलायंस फॉर पीपल एंड प्लैनेट ने इसी साल फरवरी में अपनी विस्तृत रिपोर्ट यूपीडा के अधिकारियों के सामने पेश की थी, जिसे हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष यूपीडा के अधिकारियों ने प्रस्तुत किया था। मुख्यमंत्री योगी पूरे क्षेत्र को सोलर फार्म के रूप में स्थापित करके इसे सोलर एक्सप्रेसवे बनाना चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार यूपीडा की ओर से इस सोलर पार्क के लिए 1,700 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है। ये भूमि इटावा से चित्रकूट तक 296 किलोमीटर लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के मुख्य कैरिज-वे और सर्विस रोड के बीच है। मुख्य कैरिज-वे और सर्विस रोड के बीच उपलब्ध भूमि की औसत चौड़ाई 15-20 मीटर है। यहीं पर सोलर पार्क निर्मित किया जाएगा। इस पूरे क्षेत्र में सोलर रेडिएशन दर 5 से 5.5 केडब्ल्यूएच प्रति स्क्वायर मीटर प्रतिदिन है। रिपोर्ट के मुताबिक यहां सोलर पार्क को विकसित करने में तकरीबन 2,500 करोड़ से अधिक की लागत आएगी। इसके लिए कंपनियों को 25 साल के लीज पर भूमि आवंटन की व्यवस्था होगी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर विकसित होने वाले सोलर पार्क से 450 किलोवॉट ऊर्जा का उत्पादन हो सकेगा, जो करीब 1 लाख उपभोक्ताओं की आवश्यकता को पूरा कर सकेगा। इटावा से चित्रकूट तक लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बांदा और जालौन में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भी विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए इस एक्सप्रेसवे के किनारे 25,000 से अधिक वृक्षों को लगाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री योगी ने दिए हैं। इसके किनारों पर पीपल, पाकड़, बरगद, गूलर और नीम के वृक्ष लगाए जाएंगे। वहीं, बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा करीब 36,000 एकड़ में नोएडा की तर्ज पर नया शहर बसाने की कवायद भी तेज गति से आगे बढ़ रही है, जिसे 2028 तक विकसित करने का लक्ष्य सीएम योगी ने तय किया है।

# रियलमी ने 'स्मार्टवॉच एस2' के साथ एआई इकोसिस्टम का किया विस्तार




**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के चलते अब वियरेबल टेक्नोलॉजी का परिदृश्य बदलाव के दौर से गुजर रहा है। वियरेबल टेक्नोलॉजी ने शुरूआत में फिटनेस ट्रैकिंग और नोटिफिकेशन जैसे फीचर्स के लिए लोकप्रियता हासिल की, लेकिन जैसे-जैसे ये आम होते गए, उपभोक्ताओं की दिलचस्पी कम होती गई। अब एडवांस कैपेबिलिटी की डिमांड बढ़ी, जिसने इंडस्ट्री में क्रांति लाने के लिए एआई की ओर प्रेरित किया। यह बिजनेस वर्ल्ड में एक बड़े ट्रेंड को दर्शाता है: एआई अब कॉन्सेप्ट नहीं है, बल्कि टेक ब्रांड के लिए प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए महत्वपूर्ण घटक है। एआई वियरेबल मार्केट में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिसके 2024 में 62.7 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह उछाल हेल्थ, फिटनेस और पर्सनलाइज्ड टेक्नोलॉजी में उपभोक्ताओं की बढ़ती दिलचस्पी से प्रेरित है। दूरदर्शी ब्रांड इस बदलाव को पहचान रहे हैं और उपभोक्ता की बढ़ती डिमांड को पूरा करने और मार्केट शेयर हासिल करने के लिए एआई सॉल्यूशन में निवेश कर रहे हैं। कई वियरेबल्स में वास्तविक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बजाय केवल बेसिक एल्गोरिदम शामिल होते हैं। वास्तव में आगे बढ़ने के लिए, वियरेबल्स में एआई को अपने वर्तमान फॉर्म से आगे बढ़कर इंटेलिजेंस इंटरेक्शन प्रदान करने की आवश्यकता है।

इसका मतलब है कि सिंपल डेटा कलेक्शन और एनालिसिस से आगे बढ़कर निजी जानकारी, पूवार्नुमान क्षमताएं और हमारे जीवन के साथ सहज एकीकरण प्रदान करना। ब्रांड जो वास्तव में एआई सॉल्यूशन को सफलतापूर्वक लागू कर सकते हैं, वे इस तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त कर सकते हैं। रियलमी वियरेबल टेक्नोलॉजी में एआई एकीकरण की आवश्यकता को पहचानता है और अपने अपकमिंग रियलमी वॉच एस2 के साथ महत्वपूर्ण कदम की ओर आगे बढ़ रहा है। अपने स्मार्टफोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ थिंग्स (एआईओटी) प्रोडक्ट के साथ टेक इंडस्ट्री में हलचल मचाने के लिए जाने जाने वाले रियलमी का इतिहास सभी के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को सुलभ बनाने का है।

# 4 रुपये के शेयर में तूफानी तेजी, खरीदने की मची लूट

**नई दिल्ली।** तापड़िया टूल्स के शेयर (Taparia Tools) आने वाले दिनों में फोकस में रहेंगे। कंपनी के शेयर कल मंगलवार को कारोबार के दौरान 5% तक चढ़कर 4.27 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। बता दें कि पेनी स्टॉक अपने निवेशकों को 20 रुपये यानी 200 प्रतिशत का भारी डिविडेंड देने जा रही है। इसके लिए तापड़िया टूल्स ने एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट भी तय कर लिया है। तापड़िया टूल्स ने 22 जुलाई को रिकॉर्ड डेट तय किया है। क्या है डिटेल बता दें कि मई महीने में कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू के प्रत्येक स्टॉक पर 20 रुपये यानी 200 प्रतिशत का अंतिम डिविडेंड देने की घोषणा की थी। तापड़िया टूल्स ने एक नियामक फाइलिंग में कहा था, कंपनी के निदेशक मंडल ने अन्य बातों के साथ-साथ 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वितरण योग्य लाभ से प्रत्येक 10 रुपये के इक्विटी शेयर पर 20 रुपये (200%) के अंतिम डिविडेंड पर विचार और सिफारिश की है। डिविडेंड का भुगतान आमतौर पर कंपनियों द्वारा अपने शेयरधारकों को नकद में किया जाता है। यह किसी कंपनी के लाभ का एक हिस्सा है जिसे प्रतिशत में वितरित किया जाता है। बता दें कि तापड़िया टूल्स हाथ के औजारों के निर्माण और व्यापार में सक्रिय है। 4 बोनस शेयर भी दे चुकी है कंपनी तापड़िया टूल्स के शेयर बीएसई पर कारोबार के लिए लिस्टेड हैं। बीएसई की वेबसाइट के मुताबिक, तापड़िया टूल्स ने फरवरी में अपने निवेशकों को प्रत्येक स्टॉक पर 20 रुपये का डिविडेंड दिया था।

# टाटा पावर वित्त वर्ष 2024-25 में 20000 करोड़ का करेगी निवेश

**मुंबई।** टाटा पावर ने वित्त वर्ष 2025 में पूंजीगत व्यय के लिए 20,000 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बनाई है। कंपनी के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कंपनी की 105वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों को बताया कि पूंजीगत व्यय का एक बड़ा हिस्सा कंपनी के नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो को गति देने के लिए होगा। यह वित्त वर्ष 2024 में निवेश किए गए 12,000 करोड़ रुपये की राशि से काफी अधिक है। कंपनी इसका उपयोग अपनी अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को गति देने और ट्रांसतिशन सहित डिस्ट्रब्यूशन कारोबार पर खर्च करेगी।

टाटा समूह के मुखिया एन चंद्रशेखरन ने बताया कि टाटा पावर अन्य राज्यों में नए वितरण विस्तार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए भी निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी सरकार से जरूरी मंजूरी मिलने के बाद छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर में भागीदारी की संभावना भी तलाशेगी।

चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा पावर मौजूदा और निमार्णाधीन परियोजनाओं के जरिए दो से पांच साल में 15 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह क्षमता इस समय नौ गीगावाट की है।

# आंध्र प्रदेश में तीन नए हवाई अड्डे बनेंगे : पुरंदेश्वरी



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश से सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दग्गुबाती पुरंदेश्वरी ने कहा है कि राज्य में तीन नए हवाई अड्डों की योजना बनाई गई है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, केंद्र और राज्य दोनों में एनडीए की सरकार होने के कारण, हम कुप्पम, दगादर्थी और मुलापेट में नए हवाई अड्डों की योजना बना रहे हैं। राजमुंदरी सांसद ने कहा कि आंध्र प्रदेश में सकारात्मक विकास हुआ है। उन्होंने कहा, यह विकास न केवल कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा, बल्कि आर्थिक प्रगति को भी सुनिश्चित करेगा चित्तूर जिले का कुप्पम मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू का विधानसभा क्षेत्र है। उनकी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में एक प्रमुख भागीदार है। नेल्लोर जिले में दगादर्थी और श्रीकाकुलम जिले में मुलापेटा में अन्य दो हवाई अड्डों की योजना है। राज्य में एनडीए के सत्ता में आने के बाद विजयनगरम जिले के भोगापुरम में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण कार्य में भी तेजी आई है। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के राममोहन नायडू नागरिक उड्डयन मंत्री हैं। उनके मंत्री बनने के बाद भोगापुरम में निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है।

## राशिफल

**मेष :** आज पार्टनर की खुशी के लिए प्रेम जीवन में ना चाहते हुए भी साथ देना होगा। गृहस्थ के जन्म और जन्म के योग हैं। सिंगल के प्रेम संबंधी मामलों में उदासीनता रहेगी।

**वृष :** प्रेमी-प्रेमिका का दिन रोमांस से भरा रहेगा लेकिन रिश्ते को लेकर मन में दुविधा रहेगी। जीवनसाथी के लिए आज का दिन खुशियों भरा रहेगा।

**मिथुन :** लव लाइफ में अपनी एनर्जी को लेकर विचलित रहेगा। सिंगल की रुचि धर्म और अध्यात्म के प्रति बढ़ेगी। शादीशुदा जोड़े कहीं बाहर जाने का प्लान बनाएंगे।

**कर्क :** प्रेमी के साथ किसी भी तरह की बहस से बचें। प्रेमी पर अनावश्यक खर्च करना पड़ सकता है। प्रेमी को शांति और खुशी के साथ मनाएं।

**सिंह :** लव लाइफ में आपको कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ सकता है। अपनी ऊर्जा की मदद से आप कठिन परिस्थितियों पर आसानी से नियंत्रण पा लेंगे।

**कन्या :** दिन उत्साहवर्धक रहेगा। जीवनसाथी आज आपकी हर मनोकामना पूरी कर सकता है। परिवार से प्यार करने वाले साथी सब आपके पक्ष में हैं।

**तुला :** आज साथी बहुत करीब रहेंगे, दोनों मिलकर भविष्य के लिए कुछ बड़े निवेश की योजना बनाएंगे। लव लाइफ में आपको काफी खुशी का अनुभव होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन मंगलमय रहेगा। आप तैयार हो सकते हैं और किसी मित्र से मिलने जा सकते हैं। आपका आकर्षण आपके प्रेमी को अपनी ओर आकर्षित करेगा।

**धनु :** आज आपके रिश्ते में कोई तीसरा व्यक्ति गलतफहमी पैदा कर सकता है। आपने जो सुना है उससे दूर रहें। सिंगल के जीवन में ढेर सारी खुशियां आएंगी।

**मकर :** आज आपके वैवाहिक संबंध बन सकते हैं। अगर आप एनआरआई हैं तो शादी करना चाहते हैं या विदेश में बसना चाहते हैं तो आज ही ट्राई करें।

**कुंभ :** शादीशुदा जोड़ों की संपत्ति से जुड़े मामले सुलझेंगे, राहत की सांस लेंगे। किसी से एक मुलाकात किसी वरदान से कम नहीं होगी। लव लाइफ मस्त रहेगी।

**मीन :** आपके किसी सहकर्मी से प्रेम संबंध बन सकते हैं। साथ में यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। दिन रोमांचक है और रोमांटिक भी किसी महिला से लाभ होगा।

## चुटकुले

पप्पू - चायपत्ती और पति में क्या समानता है, जानते हो...?
गप्पू - नहीं... तुम ही बताओ...!
पप्पू - दोनों के ही भाग्य में 'जलना' और 'उबलना' लिखा है...
और वो भी औरतों के हाथों...!

टीटी ने पप्पू को प्लेटफॉर्म पर पकड़ लिया...!
टीटी - टिकट दिखाओ...!
पप्पू - अरे मैं ट्रेन में आया ही नहीं...!
टीटी - क्या सबूत है...?
पप्पू - अबे सबूत यही है कि मेरे पास टिकट नहीं है...!

मास्टर जी - तुमने कभी कोई नेक काम किया है...?
पप्पू - हां सर, किया है...!
मास्टर जी - कौन सा...?
पप्पू - एक बार एक बुजुर्ग आराम से घर जा रहे थे, मैंने उनके पीछे कुत्ता लगा दिया...
जल्दी पहुंच गए...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- शेरनियां, पुरूष शेर की तुलना में बेहतर शिकारी होती हैं और एक अपने शिकार के लिए अधिकांश काम वही करती हैं।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की शेरों की भयानक रात दृष्टि होती है वे मनुष्यों की तुलना में प्रकाश के प्रति 6 गुना अधिक संवेदनशील होते हैं! रात में शिकार करते समय यह उन्हें कुछ शिकार प्रजातियों पर एक विशिष्ट लाभ देता है!
- चूंकि शेर की हड्डियां दुर्लभ होती जा रही हैं, शिकारियों ने एशिया में पारंपरिक चिकित्सा की तीव्र मांगों की आपूर्ति के लिए शेर की हड्डियों की तरफ अपना रुख कर लिया हैं।
- क्या आप जानते हैं? शेर एक बच्चे के लिए लगभग 3,000 बार संभोग करते हैं!
- जंगली शेर एक दिन में करीब 20 घंटे आराम करते हैं।
- तुर्की में कहावत है एक शेर हर बहादुर आदमी के दिल में सोता है।
- दुनिया में असली सिंहों से अधिक तो शेरों की मूर्तियां हैं।
- प्राचीन मिस्त्रियों ने अपनी ताकत, शक्ति और उग्रता के कारण अपने युद्ध देवताओं के रूप में शेरों को सम्मानित किया। मशहूर स्फिंक्स मिस्त्र की संस्कृति में शेर के कई पौराणिक चित्रणों में से एक है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

18 07 2024

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




प्रियंका चोपड़ा
अभिनेत्री



प्रशांत चौधरी पूर्व विधायक | कुंवर सर्व सिंह | श्रिनिका वर्मा | ध्रुव | संगीता ठाकुर | एड. शीतल शर्मा | चौ. बबिता डागर | निकिता अधाना | निधि भगत | रोहिणी



उमेश पप्पू नागर पार्षद | प्रभात अरोड़ा | ओमदत्त कौशिक | डॉ बृजमोहन सिंह | सुधीर भट्ट | अवनीत चौधरी | दिलीप वर्मा | कुलदीप त्यागी | राजा



प्रभात अरोड़ा | भारत गोयल | अफ्रोज अंसारी | नितिन गोयल | सुदर्शन पंडित | एफडी मलिक | अनिल शर्मा | नदीम सैफी | सौरभ सूर्यवंशी | अंशुल पांचाल | विक्रम बंसल | विनीत राठी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

### हार्दिक या सूर्या, कौन होगा रोहित का उत्तराधिकारी ?

# श्रीलंका दौरे के लिए जल्द होगी भारतीय टीम की घोषणा



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद रोहित शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वहीं, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने भी इस प्रारूप से संन्यास ले लिया है। अब टीम इंडिया बदलाव की तरफ देख रही है। हिटमैन के बाद हार्दिक पांड्या टी20 टीम की कप्तानी संभालने के सबसे बड़े दावेदार हैं। हालांकि, अब एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि सूर्यकुमार यादव उन्हें पछाड़ सकते हैं।

**सूर्या को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी**

बीसीसीआई से जुड़े एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर पीटीआई को बताया, हार्दिक पांड्या रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत के टी20 उप-कप्तान थे। वह पूरी तरह से फिट हैं और तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए उपलब्ध हैं और उन्हें टीम की अगुआई करनी थी, लेकिन इस बात की प्रबल संभावना है कि सूर्या न केवल श्रीलंका श्रृंखला के लिए बल्कि 2026 विश्व कप तक भी संभावित कप्तान होंगे।

#### पांड्या-यादव के बीच कप्तानी को लेकर टक्कर

टी20 विश्व कप 2026 तक भारत के टी20 कप्तान बनने की दौड़ में सूर्यकुमार यादव सबसे आगे हैं। वह हार्दिक पांड्या का पत्ता काट सकते हैं। पांड्या आगामी श्रीलंका दौरे पर टीम की कमान संभाल सकते हैं। हालांकि, अब एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आठ टी20 मैचों में भारत का नेतृत्व कर चुके सूर्या, नए मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की पहली पसंद हैं।

#### श्रीलंका दौरे के लिए जल्द घोषित होगी टीम

जल्द ही बीसीसीआई भारत के श्रीलंका दौरे के लिए टीम इंडिया की घोषणा करेगी। तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को कप्तानी सौंपी जा सकती है। हालांकि, वह वनडे सीरीज के दौरान निजी कारणों के चलते ब्रेक पर रहेंगे। 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में तीन टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद 2–7 अगस्त तक कोलंबो में इतने ही वनडे मैच खेले जाएंगे।

#### गंभीर के नेतृत्व में खेल चुके सूर्या

सूर्यकुमार यादव ने कोलकाता नाइट राइडर्स में गंभीर की कप्तानी में ही टी20 खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई। हार्दिक को रोहित का उत्तराधिकारी माना जा रहा था, लेकिन तस्वीर अब पलटती दिख रही है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा और चयनकर्ता उन्हें अपनी पसंद के अनुसार खेलने देने के मूड में नहीं हैं। वनडे मैचों के लिए केएल राहुल और शुभमन गिल नेतृत्व की भूमिका के लिए दावेदार हैं।

# ओलंपिक खेलों में ऐसा रहा भारत का इतिहास

## व्यक्तिगत खेलों में सिर्फ 2 स्वर्ण

**नई दिल्ली।** भारत का ओलंपिक खेलों में इतिहास 124 साल पुराना है। पेरिस 1900 से लेकर टोक्यो 2020 तक, ओलंपिक के साथ भारत का रिश्ता बेहद खास रहा है। भारत के लिए सबसे सफल साल टोक्यो 2020 रहा और अब देश की नजर पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है। ओलंपिक के मंच पर भारत का इतिहास हॉकी में काफी सुनहरा है। भारत के नाम हॉकी में रिकॉर्ड आठ स्वर्ण पदक, जिनमें से छह लगातार है। ये ऐसे आंकड़े हैं जो इस मंच पर भारत की काबिलियत की गवाही देते हैं। केडी जाधव ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी थे। जाधव ने 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक में कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। इसके बाद व्यक्तिगत स्पर्धा में, बीजिंग 2008 में अभिनव बिंद्रा का ऐतिहासिक स्वर्ण और टोक्यो 2020 में नीरज चोपड़ा



द्वारा पहला ट्रैक-एंड-फील्ड स्वर्ण शामिल है। इस दौरान कुछ उतार-चढ़ाव भी आए और कुछ दिल टूटने की घटनाएं भी हुईं। भारत ने 124 साल में कुल 35 मेडल जीते हैं। जिनमें 10 स्वर्ण, 9 रजत और 16 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने हॉकी में 12, एथलेटिक्स में 3, वेटलिफ्टिंग में 2, बॉक्सिंग में 3, टेनिस में 1, रेसलिंग में 7, बैडमिंटन में 3 और शूटिंग में 4 मेडल जीते हैं। ओलंपिक में भारत के लिए सबसे सफल खेल हॉकी रहा है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने सर्वाधिक 8 स्वर्ण पदक जीते हैं। भारत ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में 1948 में अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय हॉकी टीम ने फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 4-0 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत के पास कुल मिलाकर 10 ओलंपिक स्वर्ण पदक हैं, जिनमें से 2 व्यक्तिगत खिलाड़ियों ने जीते हैं। भारतीय हॉकी टीम ने 1928 से 1956 के बीच ओलंपिक में लगातार 6 स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा 1964 और 1980 के संस्करणों में भारत ने हॉकी में 2 और स्वर्ण पदक अपने नाम किए थे। व्यक्तिगत खेलों में भारत के नाम केवल दो स्वर्ण हैं। 2008 में अभिनव बिंद्रा ने इतिहास रचते हुए ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने बीजिंग में हुए खेलों में 10 मीटर एयर राइफल में यह पदक जीता था।

वह भारत की ओर से व्यक्तिगत खेलों में स्वर्ण पाने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। जबकि 2020 में नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में भारत के इतिहास में दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक 2024 में सिर्फ 9 दिन बचे हैं और भारत के शीर्ष एथलीटों की तैयारी अंतिम चरण में है। ओलंपिक के इतिहास में भारत के लिए पिछला यानी टोक्यो ओलंपिक सबसे यादगार रहा। भारतीय दल ने कुल सात मेडल जीते थे। मगर इस बार देश को कम से कम इस आंकड़े को दहाई अंक में बदलने की उम्मीद है। यदि ऐसा होता है, तो ओलंपिक इतिहास में पहली बार भारत दहाई के आंकड़े को छुएगा।

# इंग्लैंड के क्रिकेटर जेम्स के घर पर दो बार हुआ हमला

## कार और घर के शीशे तोड़े



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के क्रिकेटर और हैम्पशायर के कप्तान जेम्स विंस ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि साउथैम्पटन स्थित उनके घर पर दो बार हमला हुआ, जिसके बाद उन्हें अपना गृहनगर छोड़ना पड़ा। इन हमलों में उनकी कार और घर के शीशे तोड़े गए। विंस वहां अपनी पत्नी, सास और दो बच्चों के साथ रहते थे। इस हमले का वीडियो भी अब सामने आया है।

#### दो बार हुआ विंस के घर पर हमला

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहला हमला तीन महीने पहले हुआ था जबकि दूसरा हमला ठीक एक महीने बाद हुआ। इन हमलों से उनका परिवार दहशत में आ गया। वहीं, दूसरे हमले का वीडियो कैमरे में कैद हो गया। सीसीटीवी फुटेज में दो हमलावर विंस के घर पर पत्थरों से हमला करते दिख रहे हैं। हालांकि, दोनों का चेहरा पहचान में नहीं आ रहा है।

#### विंस को मिला क्रिकेट संरक्षकों का समर्थन

इन हमलों के बाद हैम्पशायर, ईसीबी और प्रोफेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन ने भी मामले का संज्ञान लिया और जांच के लिए खुफिया फर्मों को काम पर रखा गया था, लेकिन उनकी जांच से अब तक बहुत कम जानकारी मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ये हमले वित्तीय मकसद का संकेत दे रहे हैं। हालांकि, विंस और उनकी पत्नी एमी पर कोई कर्ज नहीं है।

#### विंस ने की मदद की अपील

वहीं, विंस ने अब सार्वजनिक तौर पर मदद की अपील की है। उन्होंने कहा है कि अगर कोई इन हमलों के संबंध में कुछ जानता है तो उनसे साझा करे या हैम्पशायर पुलिस से संपर्क करे। विंस ने कहा, हमें स्थानीय स्तर पर और बोर्ड से भी बहुत समर्थन मिला है। हमने निजी सुरक्षा कर्मियों को भी शामिल किया है, जिन्होंने कुछ महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की है। हालांकि, अगर कोई और जानकारी देता है तो वह शानदार होगा, क्योंकि यह सब खत्म होना ही चाहिए।

# टूनार्मेंट में अपना वर्चस्व कायम रखने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**दांबुला।** भारतीय महिला टीम 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत इस टूनार्मेंट की सबसे सफल टीम है और उसने सात बार इसका खिताब अपने नाम किया है। गत चैंपियन भारतीय टीम यहां अपना वर्चस्व कायम रखने उतरेगी और उसका पहला ही मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से दांबुला में खेला जाएगा। इस टूनार्मेंट में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। पिछली बार के विपरीत इस साल आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल को ग्रुप ए में जगह मिली है, जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में हैं।

प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी



जो 26 जुलाई को खेले जाएंगे। फाइनल 28 जुलाई को होगा। टूनार्मेंट में एक बार फिर मैच अधिकारी की भूमिका में सभी महिला अधिकारी होंगी। भारत सात खिताब के साथ एशिया कप की सबसे सफल टीम है। यह टूनार्मेंट 2012 से टी20 प्रारूप में खेला जा रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बाद भारत 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से भिड़ेगा।

#### श्रीलंका पहुंची भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इस टूनार्मेंट में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को श्रीलंका पहुंच गई है। बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए यह टूनार्मेंट महत्वपूर्ण है। श्रीलंका क्रिकेट ने इस टूनार्मेंट के लिए दर्शकों के लिए स्टेडियम में प्रवेश नि :शुल्क रखा है। सभी मैच रनगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# पेरिस ओलंपिक खेलों में 'ब्रेकिंग' का नया धमाका, जहां अमेरिका की लोगन एड्रा पर होगी नजर

PARIS 2024 PARIS 2024

**नई दिल्ली।** ओलंपिक किसी खिलाड़ी और खेल के लिए वह शिखर प्रतियोगिता है, जिसमें गोल्ड मेडल जीतना सबका ख्वाब होता है। ओलंपिक में किसी नए खेल की एंट्री को लेकर हमेशा उत्सुकता होती है। इस बार पेरिस ओलंपिक में ब्रेकिंग को शामिल किया गया है। ब्रेकिंग एक शहरी डांस स्टाइल है, जिसका जन्म 1970 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ था। न्यूयॉर्क शहर में होने वाली पार्टियों से प्रेरित होकर हिप-हॉप कल्चर से जुड़ी यह शैली विकसित हुई। इस डांस में कलाबाजी वाले मुश्किल स्टेप्स, स्टाइलिश फुटवर्क और हवा में गोते खाना दर्शकों को बहुत लुभाता है। माना जा रहा है कि ओलंपिक में आने के बाद यह कला दुनिया में और लोकप्रियता बटोरेगी। ब्रेकिंग की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं पहली बार 1990 के दशक में आयोजित की गई थी, जिसने इसको आम जनता के बीच भी काफी लोकप्रिय बना दिया। इवेंट में भाग लेने वाली लड़कियों को बी-गर्ल्स और लड़कों को बी-बॉयज कहा जाता है। इस समय भारत में भी डांस का ये स्टाइल अपनी जगह बना चुका है। पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में होने वाली ब्रेकिंग प्रतियोगिता में दो इवेंट शामिल हैं - एक पुरुषों के लिए और एक महिलाओं के लिए। इस प्रतियोगिता में 16 बी-बॉयज और 16 बी-गर्ल्स सोलो बैटल में भाग लेंगे। प्रतिभागी डीजे संगीत के ताल पर अपने डांस स्टाइल का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान वे विंडमिल्स, 6-स्टेप और फ्रीज जैसे पावरफुल स्टेप्स का इस्तेमाल करेंगे। उनका लक्ष्य जजों के वोट हासिल करना और पहले ओलंपिक ब्रेकिंग मेडल को जीतना होगा। इस इवेंट में यूएसए की 21 साल की ब्रेकडांसर लोगन एड्रा पर नजरें रहेंगी।

उनका जीवन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। वह माता-पिता के अलगाव के बाद डिप्रेशन से जूझती रहीं। यहां तक कि उन्होंने 15 साल की उम्र में आत्महत्या करने का प्रयास भी किया। हालांकि उन्होंने असफलताओं से उभरकर कड़ी मेहनत के दम पर अपने लिए एक मुकाम हासिल किया है। वह आज मेंटल हेल्थ की खुलकर वकालत करती हैं और एथलीटों के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की पैरवी करती हैं। लोगन एड्रा ब्रेकिंग के अलावा कई तरह के डांस में निपुण हैं और जिमनास्टिक में भी काफी प्रतिभाशाली हैं। वह 2018 में अपने ब्रेकर्स ग्रुप के साथ एनबीसी वर्ल्ड ऑफ डांस वर्ल्ड चैंपियंस का खिताब भी हासिल कर चुकी हैं। उन्होंने 2021 में रेड बुल बीसी वन वर्ल्ड फाइनल में भी टॉप स्थान हासिल किया।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का शुभमन-यशस्वी को हुआ फायदा

**नई दिल्ली।** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को आईसीसी की जारी ताजा टी20 रैंकिंग में बड़ा फायदा पहुंचा है। हाल ही में संपन्न हुए जिम्बाब्वे दौर के बाद इन दो भारतीय बल्लेबाजों ने रैंकिंग में छलांग लगाई है। यशस्वी चार स्थान की उछाल के साथ टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में कमान संभालने वाले शुभमन 37वें स्थान पर आ गए हैं। यशस्वी रैंकिंग में पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान, बाबर आजम से पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड शीर्ष



बल्लेबाज बने हुए हैं, जबकि दूसरे स्थान पर सूर्यकुमार यादव बरकरार हैं। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट भी छलांग लगाने में सफल रहे हैं और तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऋतुराज गायकवाड़ की रैंकिंग में एक स्थान की गिरावट हुई है और वह आठवें स्थान पर खिसक गए हैं।

#### जिम्बाब्वे में खूब चला था यशस्वी-गिल का बल्ला

गिल और यशस्वी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में उम्दा प्रदर्शन किया था और वे सीरीज के शीर्ष स्कोरर रहे थे। गिल ने पांच मैचों में 125.93 के स्ट्राइक रेट से 170 रन बनाए थे। यशस्वी पहले दो टी20 में शामिल नहीं थे, लेकिन उन्होंने अगले तीन मैच में दमदार प्रदर्शन किया था। यशस्वी ने चौथी टी20 में 93 रनों की पारी खेली थी और तीन मैचों में कुल 141 रन बनाए थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 165.88 का रहा था। भारतीय टीम ने यह सीरीज 4–1 से अपने नाम की थी।

#### मुकेश और सुंदर को भी हुआ फायदा

जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी 11 स्थान के सुधार के साथ टी20 में गेंदबाजों की रैंकिंग में 44वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, वॉशिंगटन सुंदर 46वें और मुकेश कुमार 73वें स्थान पर आ गए हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद दुनिया के शीर्ष टी20 गेंदबाज बने हुए हैं। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर आ गए हैं।

## पथिराना ने एलपीएल के इस सीजन के लिए 'यॉर्कर मास्टरक्लास' की शुरूआत की

**कोलंबो।** श्रीलंका के मथीशा पथिराना का लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2024 सीजन पर महत्वपूर्ण प्रभाव रहा है। कोलंबो स्ट्राइकर्स के लिए उभरते सितारे इस युवा तेज गेंदबाज ने इस सीजन में काफी सफलता हासिल करने के लिए यॉर्कर मास्टरक्लासह का सहारा लिया है। मुहम्मद वसीम और पथिराना स्ट्राइकर्स के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर उभरे हैं क्योंकि उन्होंने मंगलवार को सीजन के अपने चौथे मैच में गॉल मार्वल्स को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। लंका प्रीमियर लीग 2024 के अंतिम ग्रुप मैच में, दांबुला सिक्सर्स ने कोलंबो स्ट्राइकर्स को हराया लेकिन वे आगे बढ़ने में असमर्थ रहे क्योंकि स्ट्राइकर्स ने पहले ही प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली थी।

# बेंगलुरु में होगा ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियंस लीग का दूसरा संस्करण

**नई दिल्ली।** लीजेंड क्रिकेटर कपिल देव ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियंस लीग (टीजीसीएल) के दूसरे संस्करण के साथ वापस आ गए हैं, जिसने भारतीय गोल्फ को एक आकर्षक टीम खेल के रूप में फिर से परिभाषित किया है। इस सितंबर में बेंगलुरु में एक रोमांचक मुकाबले के लिए निर्धारित यह टूनार्मेंट व्यक्तिगत प्रतिभा और रणनीतिक टीम वर्क प्रस्तुत करता है। कपिल देव ने बुधवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ह्लगोल्फ एक ऐसा खेल है जिसमें अत्यधिक कौशल और फोकस की आवश्यकता होती है, लेकिन इसे अक्सर व्यक्तिगत खेल के रूप में देखा जाता है। टीजीसीएल का हमारा दूसरा संस्करण पेशेवरों, शौकीनों और यहां तक कि सेलिब्रिटी गोल्फरों को एक टीम के रूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक साथ लाएगा, जो सौहार्दपूर्ण और रणनीतिक सहयोग की भावना को बढ़ावा देगा। हम एक विदेशी टीम की भागीदारी सहित 8 टीमों को पेश करते हुए रोमांचित हैं। एक आकर्षक टीम प्रारूप और दुनिया भर से प्रतिभाशाली गोल्फरों की भागीदारी के साथ, टीजीसीएल का दूसरा संस्करण गोल्फ प्रेमियों और खेल प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक अनुभव होने का वादा करता है।" लीग में भाग लेने वाली टीमों में से एक, वेव सिटी द्वारा प्रस्तुत वेव राइडर्स, प्रतिष्ठित ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियंस लीग (टीजीसीएल) 2024 में अपनी भागीदारी के साथ पेशेवर गोल्फ खेलों में अपनी प्रमुख टीम की शुरूआत की गर्व से घोषणा करता है।



वेव ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजीव गुप्ता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, टीजीसीएल 2024 का हिस्सा बनने पर हमें अविश्वसनीय रूप से गर्व है। टीजीसीएल के माध्यम से पेशेवर खेलों की दुनिया में हमारा प्रवेश स्वास्थ्य, कल्याण और एक जीवंत जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए वेव सिटी की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सितंबर 2023 में अपने उद्घाटन सत्र की शानदार सफलता के आधार पर, इस वर्ष टीजीसीएल आईपीएल-शैली प्रारूप में खेले जाने वाले न्यूनतम चार टूनार्मेंट राउंड की मेजबानी कर रहा है, जिसमें भारत के सात शहरों और श्रीलंका के एक शहर का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसका केंद्र मेजबान शहर के रूप में बेंगलुरु होगा।

# न्यूजीलैंड ने घरेलू सीजन के शेड्यूल का किया ऐलान

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 2024-25 के घरेलू अंतरराष्ट्रीय समर शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। कीवी टीम इस दौरान इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे बड़ी टीमों की मेजबानी करेगी। न्यूजीलैंड की ओर से जारी 2024-25 घरेलू सीजन के दौरान कुल मिलाकर न्यूजीलैंड की पुरुष टीम 6 वनडे और 8 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलेगी। कार्यक्रम की शुरूआत इस साल के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ पहले से घोषित आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला से होगी, जिसके बाद श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद की



श्रृंखला होगी। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 28 नवंबर को क्राइस्टचर्च में शुरू होगी। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम 28 दिसंबर से 11 जनवरी तक तीन टी20 और इतने ही वनडे श्रीलंका के साथ खेलेगी। ब्लैककैप्स फरवरी में मेजबान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के लिए पाकिस्तान जाएगी, उसके बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान शुरू करेगी। इसके बाद 16 मार्च से 5 अप्रैल तक पाकिस्तान के खिलाफ पांच टी20 और तीन वनडे के लिए स्वदेश लौटेगी।

न्यूजीलैंड की महिला टीम 19 से 23 दिसंबर तक सेलो बेसिन रिजर्व में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेलेगी और बाद में 4 से 18 मार्च तक श्रीलंका के मल्टी-फॉर्मेट दौरे की मेजबानी करेगी, जो 21-26 मार्च को नंबर 1 रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से ठीक पहले होगी। महिलाओं के पांच टी20 मैच पाकिस्तान के खिलाफ पुरुषों की टी20 सीरीज के साथ डबल-हेडर के रूप में खेले जाएंगे।

# आपराधिक घटनाओं के विरोध में 'इंडिया' गठबंधन का 20 जुलाई को प्रदर्शन

**पटना।** बिहार में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि का आरोप 'इंडिया' गठबंधन ने लगाया है। बुधवार को 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक दलों की एक बैठक हुई, जिसमें प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के विरोध में 20 जुलाई को सभी जिला मुख्यालयों में प्रतिरोध मार्च निकालने और प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि आज बिहार में जो सरकार है, वह सिर्फ



दिन गिन रही है। आज प्रदेश का जन-जन असुरक्षित है। बिहार सरकार किसी चीज को छिपाने की कोशिश नहीं करे। सरकार बताए, कैसे प्रदेश के लोग सुरक्षित रहेंगे। आज मंत्री भी सत्य बोलने की स्थिति में नहीं हैं। अब यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। भाकपा माले के राज्य सचिव कुणाल ने बताया कि बुधवार को 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों की बैठक राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की अध्यक्षता में हुई।

इस बैठक में निर्णय लिया गया कि बढ़ते अपराध के खिलाफ 20 जुलाई को 'इंडिया' गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता हर जिला मुख्यालय में प्रतिरोध मार्च निकालेंगे। इसके बाद विधानसभा सत्र में भी 'इंडिया' गठबंधन के विधायक इस मुद्दे को मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि लगातार प्रदेश में हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। प्रदेश में भय और आतंक का माहौल है।

लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सुशासन का नारा देकर जो सरकार आई थी, वह नारा आज असफल हो गया है। उन्होंने वीआईपी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के पिता की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि जब एक राजनीतिक दल के अध्यक्ष के पिता की हत्या घर में घुसकर हो सकती है तो साफ है कि प्रदेश में कोई सुरक्षित नहीं है।

# झारखंड में घुसपैठ के कारण हो रहा जनसांख्यिकी बदलाव : हिमंता बिस्वा सरमा

**रांची।** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने जनसभाएं शुरू कर दी हैं। इसी दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा झारखंड दौरे पर आए हुए हैं। विजय संकल्प सभा मे हिमंता बिस्वा सरमा ने झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार बालू माफियाओं और कोयला की कालाबाजारी करने वालों की सरकार है। झारखंड में घुसपैठिए आ गए हैं। झारखंड में हो रही घुसपैठ के कारण कई हिस्सों में जनसांख्यिकी बदलाव हो रहा है। झारखंड की आदिवासी बेटियों के साथ बंगलादेशी घुसपैठियों की शादी करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी नेता हैं तो कम से कम आदिवासियों का कल्याण करने का काम तो करें। कल्पना सोरेन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे जिस तरह अपने पति को जेल से बाहर निकालने के लिए लड़ीं, उसी तरह झारखंड की बेटियों के लिए लड़ाई लड़ें। हेमंत सोरेन कोई आंदोलन करने में जेल नहीं गए थे। वे भ्रष्टाचार करने के आरोप में जेल गए थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन किसी आदिवासी नेता का भला नहीं कर सकते। इनके साथ कोई आदिवासी नेता नहीं रहते हैं, इनके साथ पिंटु-सिंटु रहता है। उन्होंने कल्पना सोरेन को लेकर कहा कि उन्होंने जिस तरह हेमंत सोरेन को जेल से बाहर लाने के लिए संघर्ष किया, उसी तरह झारखंड में महिलाओं के साथ हो रहे बलात्कार के खिलाफ आंदोलन करना चाहिए। आदिवासी बेटियों की सुरक्षा के लिए आवाज उठाएं।

# एसपी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह ने संभाला हापुड़ का कार्यभार

## बोले-हापुड़ को अपराध मुक्त बनाना है प्राथमिकता

### कांवड़ यात्रा सकुशल कराया जाए संपन्न



**हापुड़।** गाजियाबाद एसपी सिटी से स्थांतरित होकर हापुड़ जिले में आए पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानन्जय सिंह ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि जिले को अपराध मुक्त करना उनकी प्राथमिकता होगी। मोहर्रम और कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराना ही पुलिस की प्राथमिकता है। चार्ज लेने के बाद एसपी हापुड़ ने सड़क पर उतरकर क्षेत्र का दौरा किया। एसपी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह ने बताया कि जिले में होने वाले किसी भी तरह के अपराध पर विराम लगाने के लिए ठोस रणनीति बनाएंगे। उन्होंने बताया कि नगर को जाम से मुक्त कराने के लिए भी गंभीरता से कार्य किया जाएगा। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के अतरपुरा चौराहा और मिश्रित आबादी वाले इलाकों का भी निरीक्षण कर यातायात कर्मियों को विभिन्न दिशा निर्देश दिए। बाजार में अतिक्रमण की समस्या के कारण लगने वाले जाम को लेकर भी उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। एसपी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह ने बताया कि जनता को बेहतर पुलिसिंग देना ही उनकी प्राथमिकता है। एसपी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह ने बताया कि थाने पर आने वाले फरियादी और पुलिस अफसर के बीच बेहतर तालमेल होगा। तभी पीड़ित को समय से न्याय मिल सकेगा। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की जारी रखा जाएगा। साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के समय समय पर कार्यशाला लगाकर ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# पुलिस चेकिंग से भागते बदमाश को लगी गोली

## 12 जुलाई को बदमाशों ने अस्पताल के बाहर की थी फायरिंग

### कब्जे से पिस्तौल-कारतूस बरामद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में मंगलवार देर रात पुलिस चेकिंग होता देख स्कूटी सवार दो बदमाशों ने भागने की कोशिश की। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोाी लगने से एक बदमाश घायल हो गया। वहीं दूसरा मौके से फरार हो गया। 12 जुलाई को इन्ही बदमाशों ने सर्वोदय हॉस्पिटल के बाहर गोली चलाई थी। पुलिस सरगर्मी से इन बदमाशों की तलाश कर रही थी।

फिलहाल पुलिस ने आरोपी बदमाश के कब्जे से तमंचा, स्कूटी और कारतूस बरामद किए हैं। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि लोनी पुलिस मंगलवार की देर रात इलाके में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान निठोरा अंडरपास के पास एक स्कूटी पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। दोनों को रोकने की कोशिश की गई तो स्कूटी सवार दोनों व्यक्ति रेलवे लाइन के पास स्कूटी मोड़कर भागने लगे। इसी दौरान उनकी स्कूटी फिसल कर गिर गई। गिरते ही दोनों व्यक्तियों ने जान से मारने की नियत से पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। वहीं उसका साथी फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश का नाम विनय तोमर है। विनय ने अपने साथी योगी के साथ 12 जुलाई को सर्वोदय नर्सिंग होम के बाहर फायरिंग की थी। पुलिस ने आरोपी बदमाश के कब्जे से देसी पिस्तौल कारतूस स्कूटी बरामद की है। साथ ही दूसरे बदमाश की तलाश कर रही है।




### उसे मिला टिकट तो मिलकर तन मन धन से उसे हरायेगें हम

बाई इलेक्शन को लेकर जोश जज्बा ही फूल वालो में दिखाई दे रहा है। असी तुसी मुसी वालों ने टिकट कन्फर्म मान रखा है और भीम वाले ताल ठोंक रहे हैं कि तुम्हारी किस बात की दावेदारी जब वोट में संख्या है भारी हमारी। शंख वाले कह रहे हैं कि जब वोट हमारे तो दावेदार भी हमारें ही होगें। दावेदारी की इस बेला में सुना हैं दीदी वाला खेला होने की तैयारी भी चल रही है। लोकल वाली दीदी से तो पूरी आशा और उनके टिकट की उम्मीद दोनो हैं मगर उन वाली दीदी का तो किस्सा ही क्या है। सुना है जनरली वो वाली दीदी दावेदारी में हैं और दस्तक दी जा रही है। फूल वालों के कानों तक भी बात पहुंची हैं और उधर से आवाज ये आ रही है कि यदि उस वाली दीदी को टिकट मिला तो हम तन मन धन से एकजुट होकर उसे हरायेगें। जैसे हमने इस चुनाव में उन्हे फेयरवेल दे दी वैसे ही हम उन्हे भी तो दिल्ली वाले घर तक छोड़ कर आयेगें।

### वो लिख लें लिस्ट में हमारा नाम और करवा दें हमें बाहर

लोकसभा चुनाव के बाद फूल वालों के यहां उनकी लिस्ट तैयार हो रही थी जो चुनाव मे कतई कूल होकर काम कर रहे थे। पता चला कि कुछ ऐसे भी थे जो चुनाव ही किसी और को लड़ा रहे थे। वो दूसरें के चुनावी दफ्तर पर भी जा रहे थे। पता चला कि दूसरे को चुनाव लड़वाने वाली बात ने तूल पकड़ लिया है और ऐसे फूल वालों के नाम शार्ट लिस्ट होकर हाईकमान को भेजे जा रहे हैं। भीतरघात वाली लिस्ट में उनका भी नाम है जो इन दिनो उपेक्षा की आग में जल रहे हैं। बात जब उनके कान तक पहुंची तो उनकी जुबान से निकले शोले और वो ये बोले कि हमने बहुत देखे हैं ऐसे कमांडर वो चाहें तो लिख ले लिस्ट में हमारा नाम और उनके बस का हो तो हमें करवा दें वो भाजपा से बाहर

### पूनम सिंह और नीरज गोयल के नाम पर लग गई क्या मुहर

निगम कार्यकारिणी में आने के लियें कई मेंबर पूरे जोर लगा रहे हैं। वो अपने लिये यहां से वहां से ना जाने कहां कहां से फोन करा रहे हैं। इस बार सीन ये हो गया है कि निगम की कार्यकारिणी में आने के लिये जंग हो रही है। यहां पर फूल वाले मेंबर ने ही बताया पहली बार में ही वो चुनाव जीत गये और अब वो चाहते हैं कि निगम की कार्यकारिणी में भी उन्हे मौका मिले। उनकी पहले की गर्मजोशी और अब की खामोशी को देखकर ये लग रहा है कि बात इंटरनली बन गई हैं। निगम वाले ही बता रहे हैं कि लाईनपार वाली पूनम सिंह और गांधीनगर वाले नीरज गोयल के नाम पर मुहर लग गई है। ये नाम मेयर की लिस्ट के नाम हैं और स्टोरी में टवीस्ट ही इन दोनो के नाम पर है भाजपा वाले ही मान कर चल रहे हैं कि पहली बार के पार्षदों की एंट्री वाले ये दो नाम हैं

# महंत नारायण गिरी महाराज के साथ संजीव शर्मा ने किया 'कांवड़ परम्परा' पुस्तक का विमोचन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्राचीनतम सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर के पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरी महाराज ने भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और उनकी धर्मपत्नी रितु शर्मा के करकमलों द्वारा गाजियाबाद के शिव भक्तों के सहित प्रदेश के समस्त कांवड़ियों को समर्पित 'कांवड़ परंपरा' पुस्तक का विमोचन कराया।

विमोचन के दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने इस महत्त्वपूर्ण पुस्तक के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया कि इस पुस्तक की परिकल्पना श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज के द्वारा की गई व इसका संकलन राजेंद्र शर्मा के द्वारा तथा इसका प्रकाशन श्रीमहंत गौरी गिरी दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मंदिर समिति गौशाला मार्ग गाजियाबाद निहित कराया गया है। कुल 63 पन्नों की इस पुस्तक में दिव्या पीठ दिलेश्वर मंदिर के इतिहास की जानकारी सहित छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा स्थापना के बारे में जानकारी के साथ-साथ शिवरात्रि व्रत की पूजा-विधि और संपूर्ण कांवड़ नियमावली को बताते हुए विस्तार से कांवड़ की परंपरा के बारे में प्रकाश डाला गया है। पुस्तक के मूल में श्री दूधेश्वर पूजा विधि, शिवनामृत पूर्ण विषय विस्तार के साथ प्रकाशन किया गया है।

### एक ही हैं और अनेक भी : श्री महंत नारायण गिरी महाराज

**करंट क्राइम।** श्री महंत नारायण गिरी महाराज ने बताया कावड़ परम्परा पुस्तक में धर्मप्रेमियों और भोले नाथ के भक्तों को पूजा पद्धति का पूर्ण लाभ कैसे और किस विधि से करें इसकी जानकारी के साथ पूरी कड़ी को परम्परा से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया परातत्पर सच्चिदानंद परमेश्वर शिव एक हैं, वे विश्वातीत हैं और विश्वमय भी हैं। वे गुणातीत हैं और गुणमय भी हैं। वे एक ही हैं और अनेक भी हैं।

# लाल क्वार्टर पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लाल क्वार्टर पार्क में गुरुवार को वृक्षारोपण का कार्यक्रम महिला थाना अध्यक्ष रितु त्यागी, पार्षद कुलदीप त्यागी, प्रदीप त्यागी और सदस्य उत्तर रेलवे बोर्ड द्वारा किया गया। पार्क में 100 से अधिक पौधे लगाए गए जिसमें उमेश त्यागी, जस्सी सरदार, मधु वर्मा, राजेंद्र त्यागी, महेंद्र गुर्जर, छत्रपाल माली, रमेश, अनु कमल वर्मा, शुभम, अंकित त्यागी, रविन्द्र कौर, ईशा भटनागर, लवली त्यागी, रुचि शर्मा, पुष्पा निर्वाण, रामवती, बीना त्यागी, अन्नु



अरोरा (परम सेवा संस्थान) आदि लोग उपस्थित थे।

# घर के बाहर खड़ी कार के शीशे तोड़े

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की मलिक नगर कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी कार की खिड़की के शीशे तोड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। मलिक नगर कॉलोनी निवासी आसिफ ने बताया कि मंगलवार रात को कार घर के बाहर खड़ी की थी। बुधवार सुबह जब उठे तो कार की खिड़की के शीशे टूटे हुए थे। किसी ने खिड़की के शीशे तोड़कर कार चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हुआ।




### अंडर ट्रेनियों पर रखना होगा कांवड़ यात्रा में कंट्रोल

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियों का सिलसिला जोरों पर चल रहा है। कहीं पर मीटिंगें हो रही है तो कहीं हाई लेवल के प्लान बन रहे हैं। इन्हीं तैयारी के बीच एक जानकारी भी निकाल कर आई है। पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इस बार की कांवड़ यात्रा में पुलिस को खास फोकस रखना होगा। साथ ही अपनी नई पीढ़ी के कंधों पर अधिक बोझ नहीं डालना होगा। सूत्र बता रहे हैं कि वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लगभग 700 से ज्यादा अंडर ट्रेनिंग टू-स्टार हैं, जो अलग-अलग थानों से लेकर चौकी और पुलिसिंग का जिम्मा संभाल रहे हैं। इसमें से सभी 700 से अधिक अंडर ट्रेनिंग टू-स्टार को कांवड़ यात्रा जैसे विशाल यात्रा आयोजन में ड्यूटी का पहला अनुभव रहने वाला बताया जा रहा है। कांवड़ यात्रा के दौरान कई तरीके के संयम और जोश को कंट्रोल में रखकर होश में काम करने के अवसर भी देखने को मिलते हैं। ऐसे में अंडर ट्रेंनियों को लेकर कांवड़ यात्रा में अगर कंट्रोल वाली स्थिति नहीं रही तो मामला आउट ऑफ कंट्रोल भी हो सकता है। बताया जा



रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत बनने वाले तीनों प्रमुख कांवड़ यात्रा कंट्रोल रूम और दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर होने वाली व्यवस्था में भी इनका इस्तेमाल होना है। कहने वाले कह रहे हैं कि उनके कंधों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, कानून व्यवस्था और ड्यूटी को सही से अंजाम देने की है। ऐसे में उनके द्वारा की गई गलती या भूल बड़े परिणाम दे सकती है। कांवड़ यात्रा में भोले बाबा के भक्तों की जरा सी नाराजगी चिंगारी का काम कर जाती है। वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का इलाका बेहद संवेदनशील माना जाता है। गाजियाबाद से आने और जाने के दौरान कई राज्यों के कांवड़ियों कमिश्नरेट के अलग-अलग जोन की सीमाओं से होकर आते और जाते हैं। यहां पुलिसकर्मियों को कई बार माहौल के अनुरूप ड्यूटी और डिसीजन लेना पड़ता है। ऐसे में बड़ी संख्या में तैनात होने वाले अंडर ट्रेनिंग टू-स्टारों पर पुलिस के अधिकारियों को कितना भरोसा जताना है, यह तो उनका विवेक है। पर कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में खाकी वालों के बीच जो चर्चा है, वह दर्शा रही है कि अतिरिक्त जिम्मेदारी और ड्यूटी का वर्क लोड कंट्रोल के साथ करना होगा वरना हो कुछ भी सकता है।

# मोहर्रम : कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच निकाला गया ताजिये का जुलूस

## रीति-रिवाज के साथ ताजिये को कर्बला में किया गया दफन





**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में दिल दहला देने वाला मंजर एक साथ सैकड़ों हाथ हवा में उठते और छुरियां व जंजीरें नंगे जिस्म पर पड़तीं। न चीख और न कराह मानो कर्बला के गम के सामने यह गम कुछ भी न हो। इमाम हुसैन की शहादत पर नगर में बुधवार को मातमी दस्ते के साथ ताजिये का जुलूस परंपरागत मार्गों से पुलिस के कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच निकाला गया। रीति-रिवाज के साथ ताजिये को कर्बला में दफन किया गया। इस दौरान पटाबाजी के अखाड़ाबाजों ने भी अपने करतब दिखाए। ताजिया जुलूस के दौरान भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### मोहर्रम हजरत अली इमाम हुसैन की याद में शोक

**करंट क्राइम।** इस मौके पर एसीपी मसूरी नरेश कुमार जुलूस की कमान संभाले हुए थे। जानकारी के मुताबिक मोहर्रम हजरत अली इमाम हुसैन की याद में शोक के रूप में मनाया जाता है। इसके चलते मोहर्रम पर्व पर नगर की कच्ची सराय स्थित चांद मियां जैदी मरहूम फूल मियां जैदी के आजाखाने पर मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें अंजुमन यादगारे हुसैनी के नौजवानों ने मातमी दस्ते के साथ पहला ताजिया चांद मियां जैदी व फूल मियां के निवास से मातमी दस्ते के साथ शुरू हुआ। इसके बाद मातमी जुलूस अच्छन मियां हैदरी के इमामबाड़ा पहुंचा जहां से दूसरा ताजिया उठाया गया। इसके अलावा तीसरा ताजिया भी वहीं से उठाया गया। इसके बाद अंसारी चौक व कोट दरवाजे जाकर मातमदारो ने दिल को दहला देने वाला मातम छुरियो जंजीरों और लोहे के ब्लेड से छाती पर मारकर किया। जिससे मातमदार खून से लथपथ हो गए। मातमी ताजिया मेन बाजार होता हुआ मोहम्मद मुरादगाजी की दरगाह स्थित कर्बला पहुंचे। जहां ताजिए को मातम दारो ने रीति-रिवाज के साथ कर्बला में दफन किया गया।

### जुलूस के दौरान किए गए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध

जुलूस में अलग-अलग बिरादरीयों के अखाड़ेबाजों ने पटाबाजी कर अपने करतब दिखाए। जुलूस में मुख्य रूप से अंजुमन यादगार हुसैनी के अध्यक्ष भूरे चौधरी, गुलफाम जैदी, सपा नेता फारूक चौधरी, यूनुस पहलवान नौशाद शेख, सपा नेता परवेज चौधरी, राशिद अली, अबशार उलहक हैदर खान, अच्छन मिया हैदरी, करार हुसैन हैदरी, अनवर हुसैन हैदरी, जाफर हैदरी, पप्पू हैदरी, डॉक्टर मुशर्रफ बैग, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नितिन गोयल, ललित गोयल, व्यापारी नेता शहजाद चौधरी, ताहिर शेख, मिर्जा ताहिर बेग, खालीद चौधरी, आरिफ खान, मिल्लत खान, अदनान बैग मिर्जा, जमीर बैग, अजमत बैग, कासिम रिजवी, आसिफ रिजवी, नासिर रिजवी आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से मौके पर एसीपी नरेश कुमार और थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोलंकी ने जुलूस के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए थे। सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद एसीपी मसूरी नरेश कुमार थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोलंकी ने संभाल रखी थी। इसके अलावा शहर के सामाजिक लोगों द्वारा जगह-जगह शरबत और पानी का वितरण किया गया।

# बाइक चोरी करने वाले दो युवकों को दबोचा, किया पुलिस के हवाले

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर की पालिका परिषद से बाइक चोरी करके भाग रहे दो युवकों को पाइपलाइन मार्ग पर पकड़ लिया गया। लोगों ने युवकों की जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पाइपलाइन मार्ग निवासी कपिल त्यागी मंगलवार को मुरादनगर नगर पालिका परिषद कार्यालय में किसी काम से आए थे। वह बाइक पार्किंग में खड़ी करके कार्यालय में चले गए थे। जब वह वापस आए तो उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने बताया कि बाइक दो युवक ले गए। उन्होंने युवकों का पीछा करना शुरू किया। दोनों युवक बाइक के साथ पाइपलाइन मार्ग पर दिखाई दिए। कपिल त्यागी ने अन्य लोगों की मदद से दोनों युवकों को दबोच लिया। लोगों ने पहले उनकी जमकर पिटाई की और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ में युवकों ने अपना नाम नईम व वहाब निवासी नूरगंज कॉलोनी बताया है।

# कैंटर की चपेट में आया बाइक सवार



**हापुड।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के एनएच-09 स्थित कुचेसर चौपला के पास नए बाइपास पर हाईवे पर खराब खड़े कैंटर से अनियंत्रित बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए और बीसीए के छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मृतक के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गढ़मुक्तेश्वर के मोहल्ला राजीव नगर के वीर सिंह ने बताया कि वह पत्नी सरिता, बेटा यश सिंह, अमन और बेटी नेहा के साथ रहता है, इसी वर्ष बेटे यश ने 12 वीं कक्षा पास की थी। जिले के हाईवे स्थित एटीएमएस कॉलेज में यश ने बीसीए प्रथम वर्ष में दाखिला लिया था और वह घर से फीस के रुपये लेकर उन्हें कॉलेज में जमा करने जा रहा था। थाना बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के ठ्ठ-9 स्थित कुचेसर चौपला के पास नया बाइपास पर एक चालक ने खराब कैंटर को सड़क पर खड़ा किया था। बेटे का ध्यान कैंटर पर नहीं गया और उसकी बाइक उससे टकरा गई। हादसे में बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट द्वारा सेनेटरी पैड्स, राशन, वाइट बोर्ड्स एवं स्टेशनरी का वितरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट ने बुधवार को निम्नलिखित चार स्थानों ग्रेस केयर फाउंडेशन : इंदिरापुरम गाजियाबाद, अमृतवर्षा फाउंडेशन : वसुंधरा गाजियाबाद, आंगनवाड़ी : इंदिरापुरम गाजियाबाद, लाइट डी लिटरेसी: विजय नगर गाजियाबाद में बच्चों को राशन, पाठ्य सामग्री, किताबें, स्कूल बैग, वाइट बोड्र्स, बालिकाओं के लिए सेनेटरी पैड्स आदि का वितरण किया। जिसका शुभारम्भ डीजीएन रो. अमित गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रेजिडेंट रो. वरुण गौड़, रो. सुरेंद्र शर्मा, रो. अब्दुल वाहिद, रो. उज्जवल अग्रवाल, रो. मोहित गुप्ता, इंटरैक्ट क्लब इंचार्ज ज्योत्सना विजन तथा इंटरैक्ट क्लब के बच्चे उपस्थित रहे। उपरोक्त सामग्री का वितरण विभिन्न एनजीओ द्वारा संचालित संस्थाओं की आवश्यकतानुसार किया गया। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत इन संस्थाओं में अध्यनरत लगभग 500 छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे।



# सोने की चेन लूटकर फरार हुए बदमाश

**हापुड।** थाना कपूरपुर क्षेत्र के गांव सिरोधन की रहने वाली कविता से ठगी की एक घटना सामने आई है, जिसमें बाइक सवार बदमाशों ने बातों में उलझाकर उसकी सोने की चेन लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे भागने में सफल रहे। अब कविता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले में अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

पीड़िता कविता से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 15 जुलाई की है। जब कविता अपने घर की पहली मंजिल पर थी, तभी कुछ लोग उसे आवाज लगाकर कुछ दिखाने के बहाने नीचे बुलाया। कविता सीढ़ियां उतरकर नीचे आई तो आरोपियों ने बताया कि वे सर्फ और पाउडर बेचते हैं, जो बर्तन और सोने-चांदी के आभूषणों को साफ करने में मदद करते हैं। कविता ने मना किया, लेकिन आरोपियों ने फ्री में बर्तन साफ करके दिखाने की बात कही। मजबूरन कविता बर्तन ले आई।



### सोने की चेन लेकर फरार

बर्तन लाने के बाद, आरोपियों ने चांदी की अंगूठी मांगी और साफ करने के बाद लौटा दी। इसके बाद उन्होंने सोने की चेन साफ करने की पेशकश की। मना करने के बावजूद भी कविता ने अपनी सोने की चेन साफ करने के लिए दे दी। चेन साफ करने के बाद जैसे ही कविता ने उसे पहना, एक आरोपी घर में दाखिल हुआ और अपने साथियों को इशारा किया। सभी आरोपी चेन छीनकर मौके से फरार हो गए। कविता ने शोर मचाया और अन्य युवकों की मदद से बाइक सवारों का पीछा भी किया, लेकिन वे भागने में कामयाब रहे।

# अफगानिस्तान में भारी बारिश और तूफान से 35 लोगों की मौत

## 230 लोग घायल, 400 घर बर्बाद हुए • सरकार बोली- हर जरूरतमंद को मदद पहुंचाने की कोशिश जारी











**काबुल।** अफगानिस्तान में मसूलाधार बारिश, ओलावृष्टि के साथ आए तूफान से 35 लोगों की जान चली गई जबकि 230 लोग घायल हो गए हैं। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, जलालाबाद शहर और नंगरहार प्रांत के आसपास के इलाकों में 400 से ज्यादा घर तबाह हो गए हैं।

**सूचना एवं संस्कृति विभाग ने जानमाल की पुष्टि की :** सूचना एवं संस्कृति विभाग ने सोमवार को नंगरहार के कई जिलों में हुई जानमाल की हानि की पुष्टि की है। सरकार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक आपदा के बाद प्रभावित समुदायों के पुनर्वास के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। तेज बारिश और ओलावृष्टि से हुई तबाही प्रभावित लोगों के दर्द को कम करने और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को बहाल करने के लिए ठोस राहत उपायों की लगातार कोशिश की जा रही है। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक लगभग चार सौ घर नष्ट हो गए हैं। जिसमें निवासियों और व्यवसायों को काफी वित्तीय नुकसान हुआ हैं। हालांकि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। अफगानी मीडिया के मुताबिक अधिकारी यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि हर जरूरतमंद को वह सहायता मिले जिसकी उन्हें जरूरत है। बचाव और पुनर्प्राप्ति प्रयास जारी हैं, और प्रभावित परिवारों और समुदायों के लिए एकता और समर्थन पर जोर दिया जा रहा है। सरकार ने जानकारी देते हुए बताया कि नंगरहार प्रांत में हुई तबाही से यह भी पता चल गया कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटन के लिए हम कितने संवेदनशील हैं और उनके आपदा के प्रभाव को कम करने के लिए तुरंत किस तरह से काम कर सकते हैं।

**पिछले साल भी बारिश और बाढ़ से हुई थी तबाही :** 2023 में भी अफगानिस्तान में बाढ़ और बारिश के कारण काफी तबाही हुई थी। जिसमें कई लोगों की जान गईं थीं। देश के नौ प्रांतों में साढ़े सात सौ से ज्यादा घर नष्ट हो गए थे।

# रिपब्लिकन कन्वेंशन में विवेक रामास्वामी ने दिया ऐसा जोशीला भाषण, एलन मस्क ने की तारीफ




## डोनाल्ड ट्रंप ही इस देश को एकजुट कर सकते हैं : विवेक रामास्वामी

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन कन्वेंशन में बुधवार को पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की दावेदारी में शामिल रहे विवेक रामास्वामी ने संबोधित किया। इस दौरान रामास्वामी ने जोशीले अंदाज में अमेरिकी सपने की बात की और लोगों से डोनाल्ड ट्रंप को समर्थन देने की अपील की। रामास्वामी ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ही इस देश को एकजुट कर सकते हैं। विवेक रामास्वामी के भाषण की तारीफ अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क ने भी की है।

रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन को संबोधित करते हुए विवेक रामास्वामी ने कहा कि 'अगर आप देश में कानून व्यवस्था को फिर से स्थापित करना चाहते हैं तो ट्रंप को वोट करें। अगर आप इस देश की अर्थव्यवस्था को एकजुट करना चाहते हैं, अमेरिका को फिर से महान देश बनाना चाहते हैं तो ट्रंप को वोट करें। ट्रंप को वोट करने का एक कारण ये भी है कि डोनाल्ड ट्रंप सिर्फ शब्दों से नहीं बल्कि एक्शन से देश को एक कर सकते हैं और अमेरिका की पहचान यही है।'

रामास्वामी ने कहा कि 'अगर आप मेरी कही हर बात से असहमत हैं तो हमारा संदेश आपके लिए यही है - हम फिर भी आपके कहने के अधिकार की रक्षा करेंगे क्योंकि हम अमेरिकी होने के नाते ऐसे ही हैं। हम एक ऐसा देश हैं जहां हम पूरी तरह असहमत हो सकते हैं और फिर भी खाने की मेज पर साथ मिल सकते हैं। यही अमेरिकी होने का मतलब है।'

विवेक रामास्वामी के भाषण की मशहूर अरबपति एलन मस्क ने भी तारीफ की। विवेक रामास्वामी के भाषण की एक क्लिप सोशल मीडिया पर साझा करते हुए मस्क ने लिखा कि 'बहुत अच्छी बात कही'। रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन की शुरूआत सोमवार से हुई थी। मंगलवार को रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन अप्रवासन का मुद्दा उठा। बता दें कि रिपब्लिकन पार्टी और डोनाल्ड ट्रंप के एजेंडे में अवैध अप्रवासियों का मुद्दा सबसे अहम है। इस मुद्दे की वजह से रिपब्लिकन पार्टी की लोकप्रियता में भी उछाल आया है।


मंगलवार को उन परिवारों के बारे में जिक्र किया गया, जो अवैध अप्रवासियों द्वारा किए गए अपराध के पीड़ित हैं। इन्हीं में से एक मैरीलैंड की एक महिला राहेल मोरिन का परिवार भी शामिल हैं। मोरिन को अल सल्वाडोर के एक अवैध अप्रवासी ने दुष्कर्म के बाद मार डाला था। ट्रंप अक्सर अपनी रैलियों में भी ऐसी घटनाओं को उठाते रहे हैं।

# ट्रंप पर हुए हमले के बाद 'बंदूक संस्कृति' के खिलाफ जो बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। इस चुनाव में राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मुख्य उम्मीदवार माने जा रहे हैं। पिछले हफ्ते चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप पर गोली चलाई गई थी। ट्रंप की हत्या के प्रयास के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने स्थिति को आश्चर्यजनक बताया। उन्होंने अमेरिका में बंदूक संस्कृति को लेकर एक बड़ा बयान दिया। बाइडन ने कहा कि अमेरिका में बच्चे किसी अन्य कारणों की तुलना में गोलीबारी में ज्यादा मारे जाते हैं। उन्होंने यह बयान लास वेगस में एनएएसीपी राष्ट्रीय सम्मेलन में बुधवार को दिया।

एनएएसीपी राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति बाइडन ने लोगों से अमेरिका की सड़कों से हथियार हटाने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों की भी आलोचना की। बाइडन ने कहा, अमेरिका में बच्चे किसी अन्य कारणों की तुलना में गोलीबारी में ज्यादा मारे जाते हैं। यह बहुत आश्चर्यजनक है। अगर हम इसके बारे में कुछ नहीं करते हैं तो यह कायरता है। अगर आप अमेरिका में हिंसा के खिलाफ खड़े होना चाहते हैं तो युद्ध के इन हथियारों को अमेरिका की सड़कों से हटाने के लिए मेरे साथ शामिल हों।

**बाइडन ने की ट्रंप की नीतियों की आलोचना :** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनकी नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा, ₹ट्रंप ने लाखों काले अमेरिकियों को स्वास्थ्य बीमा सेवा से बाहर करने के लिए ओबामाकेयर को रद्द किया। उन्होंने दो ट्रिलियन डॉलर की टैक्स कटौती की। ऐसा करने से अमीर और बड़े निगम को बहुत लाख हुआ। यह किसी भी राष्ट्रपति के कार्यकाल में संघीय टैक्स में भारी वृद्धि है।₹ उन्होंने ट्रंप को महामारी के कुप्रबंधन के लिए भी जिम्मेदार ठहराया।



# 'कमला हैरिस हो सकती हैं अमेरिका की राष्ट्रपति!'

## बाइडन ने सियासी चर्चाओं को दी हवा

> रिपोर्ट में सामने आया है कि पार्टी के भीतर बाइडन को हटाने की मांग चल रही है

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जैसे-जैसे राष्ट्रपति चुनाव का समय करीब आ रहा है, दोनों प्रतिद्वंद्वी खेमों डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच जुबानी जंग बढ़ती जा रही है। एक तरफ रिपब्लिकन ने अपने उम्मीदवार के रूप में डोनाल्ड ट्रंप को मैदान में उतारा है। वहीं डेमोक्रेट्स ने आधिकारिक तौर पर अपने उम्मीदवार के नाम का एलान नहीं किया है। ऐसे में फिलहाल जो बाइडन और कमला हैरिस के नाम को लेकर संदेह बना हुआ है। कुछ रिपोर्ट में सामने आया है कि पार्टी के भीतर बाइडन को हटाने की मांग चल रही है। इस बीच, राष्ट्रपति जो बाइडन ने खुद कुछ ऐसा कह दिया कि सियासी गलियारों में हलचल पैदा हो गई है।

**चुनाव की दौड़ से हटाने की मांग :** बाइडन ने एनएएसीपी के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रपति बन सकती हैं। राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब उन्हें चुनाव की दौड़ से हटाने को लेकर लगातार मांग चल रही है।

81 साल के डेमोक्रेट्स नेता ने मजे लेते हुए कहा, 'वह न केवल एक अच्छी उपराष्ट्रपति ही हैं, बल्कि अमेरिका की राष्ट्रपति भी हो सकती हैं।' राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, अगर बाइडन हट जाते हैं, तो हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए सबसे स्पष्ट उम्मीदवार होंगी। हालांकि, बाइडन प्रशासन में अपनी भूमिका नहीं बना पाने के लिए अक्सर उनकी आलोचना की जाती रही है। माना जाता है कि अगर बाइडन इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो हैरिस ही उनकी जगह लेने के लिए सबसे बेहतर स्थिति में होंगी। हालांकि, बाइडन ने इस बात का कोई संकेत नहीं दिया कि वह चुनाव से बाहर होने की योजना बना रहे हैं।

**पहले से ही बना ली 100 दिनों की कार्य योजना :** यहां तक कि राष्ट्रपति बाइडन ने लोगों से कहा कि उन्होंने पहले से ही दूसरे कार्यकाल के शुरूआती 100 दिनों की योजना बना ली है। उनमें से एक यह है कि वे मतदान-अधिकार कानून पर हस्ताक्षर करेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए।

**डोनाल्ड ट्रंप पर जो बाइडन का हमला :** इस बीच, जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जमकर हमला किया। नेवादा में एक सभा के दौरान डेमोक्रेट नेता ने कहा, हमारी राजनीति हिंसा से जुड़ी है, इसका मतलब यह नहीं है कि हमें सच बोलना बंद कर देना चाहिए। आप कौन हैं, आपने क्या किया है, आप क्या करेंगे, यह सब जायज सवाल हैं।

बाइडन ने 33वें अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन के एक कथन का जिक्र कर कहा, 'ट्रूनैन ने कहा था कि मैंने कभी किसी को नरक नहीं दिया।

# पाक में खदान ढहने से 3 कोयला खनिकों की मौत, 4 लोग घायल



**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक कोयला खदान ढह जाने से तीन कोयला खनिकों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना पेशावर से 35 किमी दक्षिणपश्चिम में दर्रा एडम खेल शहर में हुई।

अधिकारियों ने बताया कि खनिक खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत के शांगला जिले के रहने वाले थे। घटना के तुरंत बाद ही आपातकालीन बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। तीनों श्रमिकों के शवों को बाहर निकाल लिया गया है। जबकि चारों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना पर दुख व्यक्त करते हुए केपीके के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायल खनिकों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की।

## यूएनआरडब्ल्यूए ने भारत का जताया आभार

# 'फलस्तीन शरणार्थियों के लिए सहयोग गर्व की बात'



**यरुशलम।** भारत की ओर से गाजा पट्टी के शिविरों में रह रहे फलस्तीन शरणार्थियों की मदद के लिए उठाए गए कदम की सराहना हो रही है। फलस्तीन शरणार्थियों के लिए काम कर रही संस्था यूएनआरडब्ल्यूए ने कहा कि राजनीतिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच हमें भारत का लगातार समर्थन मिल रहा है। भारत ने सोमवार को फलस्तीन शरणार्थियों के लिए चलने वाले राहत और सेवा कार्यों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को 25 लाख डॉलर जारी किए थे। यह हर साल जारी किए जाने वाले 50 लाख अमेरिकी डॉलर की पहली किस्त थी।

यूएनआरडब्ल्यूए की प्रवक्ता तमारा अलरिफाई ने कहा कि संस्था इस मदद के लिए बहुत आभारी है। इससे गाजा पट्टी में चल रहे युद्ध में फंसे फलस्तीन शरणार्थियों की सेवा जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, राहत और सामाजिक विकास के काम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भारत का लगातार मिलता समर्थन यूएनआरडब्ल्यूए के लिए गर्व की बात है।

गाजा में चल रहे युद्ध ने तटीय क्षेत्र में बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। इसके चलते 23 लाख से अधिक लोग इधर से उधर हो गए हैं। वे लोग भोजन और स्वास्थ्य सेवाओं के बिना जिंदगी गुजार रहे हैं। वहीं भारत ने इस टकराव के बीच फलीस्तीन लोगों के लिए अल एरिश एयरपोर्ट के जरिये मानवीय सहायता पहुंचाई है। रामल्लाह वेस्ट बैंक में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि भारत वित्तीय वर्ष 2023-24 में फलीस्तीन शरणार्थियों और उनके कल्याण के लिए 35 लाख डॉलर की सहायता देगा।

हाल ही में न्यूयॉर्क में हुई यूएनआरडब्ल्यूए की एक बैठक में भारत की ओर घोषणा की गई थी कि वह संस्था की मांग पर दवाएं भी उपलब्ध कराएगा। साथ ही फलस्तीन लोगों की समय पर सुरक्षित मानवीय सहायता का अपना वचन भी दोहराया था। यूएनआरडब्ल्यूए जिसे वर्ष 1950 से संयुक्त राष्ट्र देशों की ओर से मदद दी जा रही है। यह संस्था इजराइल-हमास के बीच 2007 से गाजा पट्टी पर शांति बनाए रखने के लिए काम कर रही है।

### 38 हजार से ज्यादा लोगों की हो चुकी मौत

गाजा पट्टी पर पिछले साल सात अक्तूबर से चल रहे हमास की ओर से किए गए युद्ध में अब तक 38,600 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं हमास के अचानक हमले में 1200 से ज्यादा लोग मारे गए। जबकि आतंकवादियों ने 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया।

# बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के मुद्दे पर हिंसक हुआ प्रदर्शन, छह की मौत









> 100 से ज्यादा लोग घायल

**ढाका।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच मंगलवार को झड़प हुई। इसमें तीन छात्रों सहित छह लोगों की मौत हो गई। जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

सुबह ढाका, चटगांव और रंगपुर में चार मौतें हुईं। बाद में पुलिस और प्रमुख समाचार समूहों ने ढाका और चटगांव में दो और लोगों की मौत की सूचना दी। खबरों के मुताबिक, आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर बांग्लादेश के प्रमुख शहरों में सड़कों पर विरोध प्रदर्शन हो रहे थे। मंगलवार को इन प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया। मृतको में कम से कम तीन छात्र शामिल हैं। जबकि करीब 400 अन्य घायल हुए।

देशभर के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के परिसरों में रातभर हिंसा भड़कने के बाद अधिकारियों ने मंगलवार को चार प्रमुख शहरों में अर्द्धसैनिक बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के जवानों को बुला लिया। सरकार ने बढ़ती हिंसा के बीच स्कूलों और कॉलेजों को अगले आदेश तक बंद रखने का आदेश दिया है। देश के शिक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा, माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग के दायरे में आने वाले सभी स्कूल, कॉलेज, मदरसे और पॉलिटेक्निक संस्थान छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए अगले आदेश तक बंद रहेंगे।

### विस्फोटक के जरिए बसों में लगाई आग

बांग्लादेश के अलग-अलग शहरों में जारी हिंसा के कारण भीड़-भाड़ वाली जगहों पर भी सन्नाटा पसरा हुआ है। एक दिन पहले ही अज्ञात प्रदर्शनकारियों ने मोलोटोव कॉकटेल विस्फोटक के जरिए बसों को आग के हवाले कर दिया। कई शहरों में हिंसा की छिटपुट घटनाएं भी सामने आईं। बांग्लादेश के शिक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, 'छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी स्कूल, कॉलेज, मदरसे और पॉलिटेक्निक संस्थान बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।' दरअसल, बांग्लादेश के छात्रों का कहना है कि मौजूदा आरक्षण प्रणाली बड़े पैमाने पर सरकारी सेवाओं में मेधावी छात्रों के नामांकन रोक रही है।

> स्कूलों-कॉलेज बंद रखने का आदेश

हिंसा ने आमतौर भीड़भाड़ वाली राजधानी को लगभग खाली कर दिया। शहर में अज्ञात लोगों ने दो बसों को आग लगाई गई, जब कई हिस्सों छिटपुट हिंसक झड़पें हुईं। जिससे सड़कों पर जाम लग गया और हजारों लोग सड़कों और अपने कार्यस्थलों पर फंस गए।

सोमवार को झड़पें तब शुरू हुईं, जब सत्तारूढ़ अवामी लीग की छात्र शाखा के कार्यकताओं का प्रदर्शनकारियों से आमना-सामना हुआ। प्रदर्शनकारियों इस बात पर जोर दे रहे थे कि मौजूदा आरक्षण प्रणाली सरकारी सेवाओं में मेधावी छात्रों के नामांकन पर रोक लगा रही है। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी की छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र लीग पर पुलिस की मदद से उनके शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर हमला करने का आरोप लगाया।

### बांग्लादेश में ऐसी है आरक्षण व्यवस्था

1. स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को सरकारी नौकरियों में 30% आरक्षण मिलता है।
2. बांग्लादेश में महिलाओं के लिए भी 10 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था है।
3. इसके अलावा 10 फीसदी आरक्षण अलग-अलग जिलों के लिए तय है।
4. एथनिक माइनोरिटी जैसे संथाल, पांखो, त्रिपुरी, चकमा और खासी के लिए 6% कोटा है। हिंदुओं के लिए अलग आरक्षण नहीं है।
5. इन सभी आरक्षणों को जोड़कर 56% होता है। इसके अलावा बचा 44% मैरिट के लिए रखा गया है।

# पूर्व सांसद केसी त्यागी के सम्मान में आयोजित आम पार्टी





गाजियाबाद, करंट क्राइम ।जनता दल यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय सलाहकार तथा पूर्व सांसद केसी त्यागी के सम्मान में लोहिया नगर के डॉ राम मनोहर लोहिया पार्क में बुधवार को एक मैंगो पार्टी का आयोजन किया गया। इस मैंगो पार्टी में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, बागपत लोकसभा सांसद राजकुमार सांगवान, बीजेपी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, कांग्रेस नेता बिजेंद्र यादव, अमरजीत सिंह बिट्टी , भुल्लन चौधरी, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। आम की दावत के संयोजक शरद त्यागी थे। निवेदको में नितिन त्यागी डब्बू, अभिषेक त्यागी ,गौरव त्यागी,बिट्टू त्यागी मोरटा,शुभम त्यागी मौजूद थे।

## भाजपा में सुलग रही है लखनऊ से लेकर गाजियाबाद तक ये आग

# उन पांच चेहरों को कैसे मिल गया प्रदेश कार्यकारिणी वाला पास



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा अनुशासित पार्टी मानी जाती है और यहां किसी भी बैठक में अपेक्षित शब्द का सबसे बड़ा महत्व है। यहां मंच की एक गरिमा है और बैठक में कौन भाग लेकर इसका मानक पहले से तय होता है। लेकिन नई हवा की नई भाजपा में नये भाजपाई आने के बाद अनुशासन की परम्परा तेजी से टूटी है। भाजपा के बड़े चेहरे भी अब इस बात को लेकर हैरान हैं कि लखनऊ में हुई प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में वो पांच चेहरे कैसे पहुंच गये जो अपेक्षित नहीं थे।

लखनऊ में कार्य समिति की बैठक हुइ औ पार्टी प्रोटोकाल जारी था। इस बैठक की चर्चा लखनऊ से लेकर गाजियाबाद तक जब आ गई जब पांच ऐसे चेहरे दिखाई दिये जो इस बैठक में अपेक्षित नहीं थे और सबसे बड़ी बात ये चेहरे कार्य समिति की बैठक में बाकायदा फोटो शैशन करा रहे थे। इनके गलों में लटके पास इस बात का एहसास करा रहे थे कि वो कार्यकारिणी बैठक में बाकायदा पास लेकर पहुंचे हैं। अब ये चूक किस लेवल पर हो गई इसकी जांच हो रही है। क्योंकि संगठन का कहना है कि यहां से 35 लोगों की सूची भेजी गई थी जिनमें ये पांच चेहरे नहीं है। अब इन पांच चेहरों को किसने पास दिया इस बात की आग सुलग रही है। बताते हैं कि संगठन के बड़े नेताओं ने भी इसका संज्ञान लिया है और पूछा है कि ये पांच चेहरे कार्य समिति में कैसे मौजूद थे। बताया ये गया है कि कुछ चेहरे व्यवस्था के लिए जाते हैं लेकिन इनके पास जो पास मौजूद हैं वो व्यवस्था वाले न होकर कार्य समिति वाले हैं।

### उन पांच में दो हैं गाजियाबाद के नव भाजपाई

**करंट क्राइम।** जिन पांच चेहरों को लेकर पूरी भाजपा में सवाल उठ गया है। जिन पांच चेहरों की कार्यसमिति में तस्वीर को लेकर बवाल मच रहा है। उनमें से दो चेहरे गाजियाबाद के नव भाजपाई हैं। दोनों चेहरे एक ही मौहल्ले के हैं। एक चेहरा समाजवादी है और कुछ महीने पहले ही पटका पहनकर भाजपाई बना है। दूसरा चेहरा बसपाई है। दोनों चेहरे समाजवादी और बसपाई हैं। कुछ समय पहले ही भाजपा में आये हैं। भाजपा के बड़े नेताओं के साथ फोटो फ्रेम आने की कला में पारंगत हैं। बहरहाल ये वहां कैसे पहुचे, इसकी जांच हो रही है।

### संगठन कर रहा है नोटिस जारी

करंट क्राइम। प्रदेश कार्यसमिति में पांच ऐसे चेहरे पहुंच गये जो अपेक्षित ही नहीं थे। बात भाजपा संगठन के नेताओं में चली और हाईकमान तक पहुंच गई। प्रदेश वाले नेताओं तक भी बात पहुंची और संगठन पदाधिकारियों तक भी बात पहुंची। सूत्र बताते हैं कि संगठन इन दो नव भाजपाईयों सहित पांच चेहरों को नोटिस जारी कर रहा है उनसे पूछा जा रहा है कि वे किसकी अनुमति से प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में गये थे। इस बात की भी जांच हो रही है कि इन पांच लोगों को संगठन के किस स्तर से पास जारी हुए थे। इन्होंने किस तरीके से पास हासिल किये और कैसे ये प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पहुंच गये।

# ग्रेनो वेस्ट से सीधे जुड़ेगा कार्गो टर्मिनल, दिसंबर तक पूरा होगा काम

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को ग्रेटर नोएडा वेस्ट से सीधे तौर पर जोड़ने का काम दिसंबर से पहले पूरा करने की तैयारी है। इस सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद ग्रेटर नोएडा वेस्ट के साथ ही गाजियाबाद और नोएडा तक के लोगों का जेवर तक का सफर आसान होगा। ग्रेनो वेस्ट के गौर सिटी चौक से सिरसा तक 25 किलोमीटर का निर्माण ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कर चुका है। वहां से सड़क का विस्तार कर करीब 13 किमी लंबी और सड़क बनाकर धनौरी गांव तक जोड़ा जाएगा।

एयरपोर्ट पहुंचने के लिए फिलहाल सूरजपुर पुलिस लाइन से होते हुए परी चौक और वहां से यमुना एक्सप्रेसवे से जेवर तक पहुंचा जा सकता है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में सेक्टरों के विकास के साथ ही 130 मीटर चौड़ी इस सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है। यह सड़क यमुना एक्सप्रेसवे के समानांतर बनाई जानी है। 38 किलोमीटर लंबी सड़क का यमुना क्षेत्र में करीब 29 किलोमीटर का निर्माण पूरा हो चुका है। कई जगहों पर न्यायालय से रोक होने के चलते इसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है, जिसके कारण उतरावली के आसपास निर्माण अटका पड़ा है। शेष 9.5 किलोमीटर सड़क बनाने के लिए किसानों से बातचीत का क्रम जारी है। इस बीच प्राधिकरण के अधिकारियों का दावा है कि किसानों ने जमीन अधिग्रहण की सैद्धांतिक सहमति दे दी है। ऐसे में सितंबर तक किसानों से जमीन की खरीद कर ली जाएगी। बता दें कि दिसंबर में एयरपोर्ट से विमानों की उड़ान प्रस्तावित है, ऐसे में उड़ान से पहले इस सड़क का निर्माण पूरा करने की योजना है।

# जिलाधिकारी व नगर आयुक्त ने कांवड़ मार्ग का किया संयुक्त निरीक्षण

**कांवड़ यात्रियों को यात्रा के दौरान ना हो कोई असुविधाः जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह**

**कांवड़ यात्रा हेतु नगर निगम द्वारा युद्ध स्तर पर की जा रही हैं तैयारियां: नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक**





● कांवड़ शिविरों को प्लास्टिक फ्री रखने हेतु जिलाधिकारी ने किया निर्देशित

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांवड़ यात्रा मार्गों को गड्ढ़ा मुक्त, साफ, सुन्दर एवं यात्रा हेतु सुलभ बनाने के प्रयास के अन्तर्गत जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कांवड़ मार्ग का नगर निगम टीम सहित संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इन्द्र विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि कांवड़ मार्गों पर बेहतर साफ-सफाई व पेयजल व्यवस्था की जाए। इस दौरान ग्राम भीकनपुर पाइप लाईन रोड पर स्थित नगर निगम द्वारा संचालित ठोस अपशिष्ट प्रोसेसिंग प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोसेसिंग प्लांट की तत्काल अस्थाई बाउन्ड्रीवाल बनाई जाए एवं कावड़ शिविर मार्गों को गड्ढ़ामुक्त करने हेतु मुख्य अभियन्ता, निर्माण गाजियाबाद नगर निगम को निर्देश दिये गये। मार्ग पर संचालित होने वाले कांवड़ शिविरों को प्लास्टिक फ्री रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही शिविरों से नियमित कूड़ा उठान हेतु डोर-टू-डोर वाहन चलाने के निर्देश दिये गए।






जिलाधिकारी ने कहा कि कावंड यात्रियों को किसी भी प्रकार से कोई भी असुविधा का सामना ना करना पड़े, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक द्वारा अवगत कराया गया कि कांवड़ यात्रा के सम्बंध में नगर निगम द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारी जारी हैं, कांवड़ यात्रा शुरू होने से पूर्व ही नगर निगम से सम्बंधित कांवड़ यात्रियों हेतु सभी सुविधाऐं एवं व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जायेंगी।

निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अविनेन्द्र कुमार, नगर स्वास्थ अधिकारी डॉ.मिथलेश, जीएम जलकल आनन्द, मुख्य अभियंता निर्माणनरेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जाने माने प्रतिष्ठित कारोबारी मुकेश गोयल ने अपनी 30वी मैरिज एनिवर्सरी को अपने परिवार के साथ सेलिब्रेट किया। सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन के एक और पड़ाव को पूरा किया। खुशी के इन पलों को सादगी के साथ परिवार के साथ साझा किया। इस पल को फेसबुक पोस्ट बनाया। सभी साथियों समर्थकों दोस्तो शुभचिंतकों परिजनों की बधाई शुभकामनाएं लेकर एक खुशी का सैलाब आया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।